रविवार
08 अक्टूबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



ओवैसी की पार्टी से सतर्क रहें मुस्लिम नेताः नीतीश कुमार **2**



# एशियन गेम्सः भारत की महिला और पुरुष कबड्डी टीम ने गोल्ड जीत रचा इतिहास





**पुरुष टीम ने ईरान और महिला टीम ने चीनी ताइपे को हराया:** हांगझोऊ एशियाई खेलों में भारत की पुरुष और महिला कबड्डी टीम ने इतिहास रच दिया है। दोनों ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने फाइनल में ईरान और महिला टीम ने चीनी ताइपे को हराकर स्वर्ण जीता। यह भारतीय पुरुष कबड्डी टीम का एशियाड में आठवां और महिला टीम का चौथा स्वर्ण पदक रहा। 1990 से पुरुष कबड्डी एशियाई खेलों का हिस्सा रहा है। भारतीय पुरुष टीम ने इस दौरान 1990, 1994, 1998, 2002, 2006, 2010, 2014 और अब 2023 एशियाड में स्वर्ण जीता है। वहीं, महिला कबड्डी 2010 से एशियाई खेलों का हिस्सा रहा है। इस दौरान भारतीय महिला टीम ने 2010, 2014 और अब 2023 में स्वर्ण जीता है। भारतीय पुरुष टीम ने इस जीत के साथ ही ईरान और पाकिस्तान से पांच साल पहले मिली हार का भी बदला ले लिया। 2018 एशियाई खेलों में ईरान ने स्वर्ण और पाकिस्तान ने कांस्य जीता था। ईरान ने सेमीफाइनल में भारत को शिकस्त दी थी। वहीं, पाकिस्तान ने तीसरे स्थान के लिए मैच में भारत को हराया था। अब पांच साल बाद 2023 में भारत ने सेमीफाइनल में पाकिस्तान को 61-14 से हराया। फिर फाइनल में ईरान को 33-29 से हराया और बदला पूरा किया। भारतीय महिला कबड्डी टीम ने फाइनल में चीनी ताइपे को 26-25 से हराया और स्वर्ण पर कब्जा जमाया।

**विवादों से भरा रहा भारत-ईरान फाइनल मुकाबला:** कबड्डी में पुरुष टीम के फाइनल में भारत और ईरान के बीच जमकर विवाद हुआ। हालांकि, खिलाड़ी आपस में नहीं भिड़े। मैच रेफरी और दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच जमकर बहस हुई। कभी भारत के खिलाड़ी धरने पर बैठे तो कभी ईरान के खिलाड़ियों ने मैट पर बैठकर अपना विरोध जताया। मैच अधिकारी बार-बार अपना फैसला पलटते रहे। जिस टीम ने ज्यादा दबाव बनाया फैसला उसी के पक्ष में हो गया। 40 मिनट में खत्म हो जाने वाला कबड्डी का मैच विवाद की वजह से लगभग एक घंटे कर रुका रहा। अंत में फैसला भारत के पक्ष में हुआ।

# करंट से होने वाली दुर्घटना पर बिजली कंपनियों को अब देना होगा मुआवजा

## केजरीवाल सरकार बनाएगी नया नियम

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली में बिजली से होने वाली दुर्घटना में पीड़ितों को आर्थिक मदद पहुंचाने के लिए केजरीवाल सरकार जल्द ही नए नियम बनाने की तैयारी में है। केजरीवाल सरकार के निर्देश पर ये नियम दिल्ली इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन बनाएगा। इस संबंध में दिल्ली सरकार के विद्युत विभाग की तरफ से मिले प्रस्ताव को सीएम अरविंद केजरीवाल ने जनहित को ध्यान में रखते हुए मंजूरी दे दी है।

नियम आने के बाद विद्युत कंपनियों को अपना इन्फ्रास्ट्रक्चर और मजबूत करना होगा ताकि कोई दुर्घटना ही न हो और अगर कोई दुर्घटना होती है तो फिर विद्युत कंपनियां पीड़ित को उचित वित्तीय सहायता देने के लिए बाध्य होंगी। सीएम से अप्रूवल मिलने के बाद अब प्रस्ताव एलजी के पास भेजा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद केजरीवाल सरकार डीईआरसी को जल्द से जल्द नियम बनाने के लिए आदेश जारी करेगी।

दिल्ली के विद्युत मंत्रालय ने एक प्रस्ताव लाया था कि इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत डीईआरसी को नियम बनाने के लिए आदेश जारी किया जाए। जिसके तहत दिल्ली विद्युत नियामक आयोग बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने और पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए विस्तृत गाइडलाइन तैयार करे, जिससे कि बिजली कंपनियां कानूनी रूप से बाध्य हों। अभी तक दिल्ली में करंट से होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं है। इस वजह से अगर कोई बिजली लगने से घायल हो जाता था या किसी की मौत हो जाती है तो उसे मुआवजा नहीं मिलता था।

## फिलस्तीनी आतंकी संगठन ने सुबह साढ़े छह बजे बोला हमला

# इजराइल पर हमास का हमला दागे 5000 रॉकेट, 40 की मौत

- इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा हमास को बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी
- हमास ने इजराइल के कई रिहायशी इलाकों को बनाया निशाना, हमले में अब तक 500 से अधिक लोग घायल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

फिलस्तीनी आतंकी संगठन हमास ने इजराइल पर हमला बोलते हुए 5000 से ज्यादा रॉकेट दागे हैं। इसमें हमास ने इजराइल के कई रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया है। इस हमले में 40 से ज्यादा लोगों की मौत और 500 से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना है। जानकारी के अनुसार हमास के कई आतंकी के इजराइल में घुसने की भी खबर सामने आई है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर हमास चरमपंथियों के इजराइल में दाखिल होने की पुष्टि किसी ने नहीं की है। गाजा की तरफ से किए गए रॉकेट हमले के बाद इजराइल ने बयान जारी कर कहा है कि हम युद्ध का सामना कर रहे हैं।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि उनका देश युद्ध में है और इसके लिए हमास को अभूतपूर्व कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि इजरायल के नागरिकों, हम युद्ध में हैं। यह कोई ऑपरेशन नहीं है, कोई तनाव नहीं है - यह युद्ध है। और हम जीतेंगे। बता दें कि इजराइल में आज फेस्टिवल हॉलीडे है। ऐसे में इस पावन दिन की सुबह से ही लोगों को रॉकेट के गिरने और इजराइल डिफेंस की तरफ से साइरन की आवाज सुनाई दे रही थी। यह हमला सुबह साढ़े छह बजे के करीब हुआ। करीब 40 मिनट तक साइरन की आवाज सुनी गई।





## इजराइल के राजदूत ने हमले को कायरतापूर्ण कार्रवाई बताया

ऑपरेशन स्वोर्ड्स ऑफ आयरन पर राजदूत नाओर गिलोन का आधिकारिक बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि इजराइल फिलहाल फिलिस्तीनी आतंकवादी हमलों को विफल करने के लिए लड़ रहा है। दक्षिण और मध्य इजराइल के शहरों और गांवों में अपने बिस्तरों में शांति से सो रहे हमारे नागरिकों पर हमास द्वारा आज सुबह किए गए ये हमले वार क्राइम हैं। हमास की कायरतापूर्ण कार्रवाइयां, खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को निशाना बनाना और उनकी हत्या करना। सैकड़ों नागरिकों को घायल करना और हमारे शहरों पर 5000 से अधिक मिसाइलों और रॉकेटों से अंधाधुंध गोलीबारी करना एक कायरता है। उन्होंने आगे कहा कि यह हमला सिमचट तोराह के पवित्र पर्व के दिन किया गया है। इजराइल, रॉकेट फायर और हमास आतंकवादियों के जमीनी घुसपैठ के इस संयुक्त हमले को विफल कर देगा और हमारे नागरिकों की सुरक्षा के लिए हमेशा आगे रहेगा। साथ ही हम भारत के लोगों के समर्थन की भी सराहना करते हैं क्योंकि हम आतंकवाद के सामने मजबूती से खड़े हैं।

### अमेरिका ने कहा... इजराइल को जिन चीजों की जरूरत होगी देंगे

अमेरिका ने इजराइल के समर्थन में बयान जारी किया है। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा है कि इजराइल को अपनी सुरक्षा में जिन चीजों की जरूरत होगी, पेंटागन उसका खयाल रखेगा। सऊदी अरब ने फिलिस्तीन और इजराइल से तत्काल प्रभाव से तनाव कम करने का आह्वान किया। वहीं, ईरान ने हमास को बधाई दी है और कहा है कि वह फिलिस्तीनी लड़ाकों के साथ खड़ा रहेगा।

### पीएम मोदी बोले- हम इस कठिन समय में इजराइल के साथ खड़े हैं

पीएम नरेंद्र मोदी ने इजराइल के प्रति संवेदना व्यक्त की है। पीएम मोदी ने कहा इजराइल में आतंकवादी हमलों की खबर से स्तब्ध हूं। हम इस कठिन समय में इजराइल के साथ एकजुटता से खड़े हैं।

## पीएम मोदी और नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस को को एक दहशत भरा मेल भेजा गया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडयम वही स्टेडियम है जहां क्रिकेट वर्ल्ड कप के अधिकतर मैचों का आयोजन किया गया है। धमकी भरे इस मेल में सरकार से 500 करोड़ रुपये और कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को छोड़ने की भी मांग की गई है। साथ ही यह भी बताया गया कि घटना को अंजाम देने के लिए लोगों को भेज दिया गया है। वर्तमान समय में बिश्नोई को दिल्ली के मंडोली जेल में रखा गया है।

पुलिस के अनुसार धमकी भरा यह मेल राष्ट्रीय जांच एजेंसी को भेजा गया था और एजेंसी ने इस मेल के बारे में मुंबई पुलिस को बताया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'एनआईए से हमें इस मेल के बारे में पता चला, जिसके बाद अन्य एजेंसियों को भी इसके बारे में जानकारी दे दी गई है। एनआईए को जिस ईमेल आईडी से मेल भेजा गया था, हमने उसके बारे में भी पता कर लिया है। मेल यूरोप से भेजा गया है।' उन्होंने बताया कि ऐसा लग रहा है जैसे यह विदेश में बैठे किसी व्यक्ति की शरारत है, उन्होंने उस व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है। एनआईए को भेजे गए मेल में कहा गया, अगर सरकार हमें 500 करोड़ रुपये देने और लॉरेंस बिश्नोई को रिहा करने में असमर्थ रही तो हम नरेंद्र मोदी और नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ा देंगे।

# ओडीओपी और एमएसएमई संबंधी उद्योगों की ओर योगी सरकार ने बढ़ाए कदम

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी व देश के ग्रोथ इंजन के तौर पर स्थापित करने के साथ ही योगी सरकार प्रदेश को सूक्ष्म व लघु उद्योगों के एमर्जिंग हब के तौर पर भी स्थापित कर रही है। ग्रेटर नोएडा में टॉय व फर्नीचर पार्क की स्थापना करने व इस परियोजना में रिक्त प्लॉट्स के आवंटन के लिए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने स्कीम शुरू की है। स्कीम के जरिए सेक्टर 28, 29, 32 व 33 में नॉन पॉल्यूटिंग इंडस्ट्रियल यूनिट्स खोलने के मद में 4000 स्क्वेयर मीटर तक की प्लॉटिंग्स के लिए आवेदन मांगे हैं। 27 अक्टूबर तक इस स्कीम में भूमि प्राप्त करने के लिए आवेदन किया जा सकता है और 17 नवंबर को ड्रॉ के जरिए सफल आवेदनकताओं की सूची जारी की जाएगी।

**13542 प्रति स्क्वायर मीटर रेट के हिसाब से होगा अलॉटमेंट:** यीडा की वेबसाइट पर संबंधित स्कीम की दी गई जानकारी के अनुसार, स्कीम में कुल 3 स्तर के भूखंडों में से कुल 109 प्लॉट्स का आवंटन इस प्रक्रिया के जरिए होगा। इसमें से भी 95 प्रतिशत भूखंड निर्धारित केटेगरी के तहत यूनिट्स लगाने के लिए व 5 प्रतिशत भूखंड स्टार्ट अप्स के लिए रिजर्व्ड रखे जाएंगे। इस परियोजना के अंतर्गत टॉय पार्क के लिए सेक्टर 33 में 1800 स्क्वेयर मीटर के कुल 5 प्लॉट्स बुक किए जाएंगे जिनका रजिस्ट्रेशन अमाउंट 24.37 लाख होगा तथा कुल प्रीमियम अमाउंट 2.43 करोड़ रुपए रहेगा। वहीं ओडीओपी व फर्नीचर पार्क केटेगरी के अंतर्गत आवेदन करने वाले आवेदकों को 60.93 लाख रुपए से लेकर 4.06 करोड़ रुपए का टोटल प्रीमियल निर्धारित किया गया है। इस केटेगरी में कुल 41 प्लॉट्स का आवंटन होगा जिसमें से 2 प्लॉट्स स्टार्टअप्स के लिए निर्धारित हैं।




## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शामिल हुए सीएम योगी आदित्यनाथ

# देश के जीडीपी व विकास में मध्य क्षेत्रीय परिषद् का बड़ा योगदान: शाह

- उत्तराखंड के नरेन्द्र नगर में आयोजित हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक
- सदस्य राज्य उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री हुए शामिल

**केटी न्यूज/देहरादून**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को टिहरी के नरेन्द्र नगर में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद् की 24वीं बैठक में शामिल हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सदस्य राज्य उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। वहीं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक से जुड़े। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू बैठक में शामिल हुए।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में क्षेत्रीय परिषदों की भूमिका सलाहकार से बदलकर 'एक्शन प्लेटफॉर्म' के रूप में कारगर साबित हुई है। उन्होंने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों का देश के जीडीपी और विकास में बहुत बड़ा योगदान है। परिषद में शामिल राज्य देश में कृषि, पशुपालन, अनाज उत्पादन, खनन, जलापूर्ति और पर्यटन का प्रमुख केन्द्र हैं, इन राज्यों के बिना जलापूर्ति की कल्पना ही नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीम इंडिया के कांसेप्ट को जमीन पर उतारा है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद के साथ ही केन्द्रीय गृह सचिव, अंतर राज्य परिषद सचिवालय की सचिव, सभी सदस्य राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।



### पांच किमी के दायरे में हर गांव तक बैंकिंग सुविधा पर चर्चा

बैठक में पांच किमी के दायरे में हर गांव तक बैंकिंग सुविधा, देश में दो लाख नई प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पीएसीएस) के गठन, रॉयल्टी और खनन संबंधित मुद्दों, किसन क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना, न्यूनतम समर्थन मूल्य और वामपंथी उग्रवाद-प्रभावित जिलों में बुनियादी सुविधाओं के निर्माण जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान सहकारिता, स्कूली बच्चों की ड्रॉप आउट दर और कुपोषण जैसे मुद्दों पर विशेष तौर पर चर्चा हुई। बता दें कि 2004 से 2014 तक क्षेत्रीय परिषदों की 11 और स्थायी समितियों की 14 बैठकें हुईं, जबकि 2014 से 2023 तक क्षेत्रीय परिषदों की 25 और स्थायी समितियों की 29 बैठकें हुईं हैं। इसके अलावा 2004 से 2014 के बीच कुल 570 मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें से 448 को सुलझा लिया गया, जबकि 2014 से 2023 के बीच कुल 1315 मुद्दों पर चर्चा हुई जिनमें से 1157 मुद्दों को सुलझा लिया गया।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पार्टी के मुस्लिम नेताओं के साथ की बैठक, बोलें...

# ओवैसी की पार्टी से सतर्क रहें मुस्लिम नेता

- नीतीश कुमार नेताओं को आश्वासन दिया कि वो आगे भी अल्पसंख्यकों के कल्याण और उनके विकास के लिए निर्णायक कदम उठाते रहेंगे
- नीतीश कुमार ने ओवैसी की पार्टी को भाजपा की बी टीम बताया



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में जातिगत जनगणना रिपोर्ट जारी होने के बाद सियासत तेज हो गई है। इस बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सरकारी आवास पर शनिवार को पार्टी के मुस्लिम नेताओं और कार्यकताओं की एक बैठक बुलाई। इस दौरान मुस्लिम नेताओं को सीएम नीतीश कुमार आश्वासन दिया कि वो आगे भी अल्पसंख्यकों के कल्याण और उनके विकास के लिए निर्णायक कदम उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा, जब मैं एनडीए के साथ था, तब भी अल्पसंख्यकों के लिए बगैर किसी दबाव के काम किया। बैठक में सीएम ने मुस्लिम नेताओं को ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम से सावधान रहने को कहा। इस पार्टी को लेकर उन्होंने साफ-साफ कहा कि यह भाजपा की बी टीम है और अगले चुनाव में विपक्ष का वोट काटने के लिए जगह-जगह अपने उम्मीदवार उतारेगी। इने मंसूबे कामयाब न हो पाए इसलिए हमें तैयारी करनी होगी।

बता दें कि इस बैठक में बिहार के सभी 38 जिलों से मुस्लिम नेता शामिल हुए थे। यह बैठक पटना में एक अणे मार्ग स्थित सीएम आवास पर आयोजित की गई थी। गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को जब जातिगत सर्वे की रिपोर्ट सार्वजानिक हुई थी उसमें पर चला कि बिहार में मुस्लिमों की आबादी 17.70 फीसदी है। अब इसी वोटबैंक को साधने में जेडीयू जुटी है। सभी पार्टियों को पता है कि बिहार में अति पिछड़ा, पिछड़ा और दलितों के बाद सबसे बड़ा वोट बैंक मुस्लिमों का है। नीतीश कुमार द्वारा बुलाए गए इस बैठक का मकसद सरकार द्वारा मुस्लिमों के लिए कराए गए कामों को याद दिलाना था। ताकि वोट देते समय इन्हें याद रहे। वैसे बिहार में माना जाता है कि मुस्लिम-यादव वोट बैंक पर आरजेडी यानी लालू यादव की पार्टी का कब्जा है। लेकिन अब जदयू ने इस वोट बैंक में सेंध लगाने की तैयारी शुरू कर दी है।

### राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने नीतीश कुमार से की मुलाकात

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने शनिवार को सीएम आवास पहुंचकर नीतीश कुमार से मुलाकात की। लालू-नीतीश के बीच यह मुलाकात लगभग 15 मिनट तक चली। दिल्ली जाने से पहले भी लालू प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री आवास जाकर नीतीश कुमार से मुलाकात की थी। लालू यादव और नीतीश कुमार के बीच पिछले कुछ दिनों से मुलाकात का सिलसिला काफी बढ़ गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी राबड़ी आवास पहुंचकर लालू से मिले थे और हाल में जब लालू प्रसाद यादव दिल्ली में थे तो नीतीश कुमार राबड़ी आवास जाकर तेजस्वी यादव से भी मिले थे। दोनों नेताओं की मुलाकात उस समय हो रही है, जब नीतीश कुमार ने शनिवार को जदयू अल्पसंख्यक नेताओं से मुलाकात की। जातीय गणना की रिपोर्ट आने के बाद नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव के बीच यह पहली मुलाकात है। वहीं 2 दिन पहले नीतीश कुमार आनंद मोहन से भी मिले थे और उसके बाद फिर तेजस्वी यादव से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राबड़ी आवास जाकर मुलाकात की थी। संभावना है कि आनंद मोहन को लेकर भी नीतीश कुमार और लालू के बीच चर्चा हुई होगी।

## सीएम नीतीश ने अलय फातिमा हई कॉलेज ऑफ नर्सिंग का किया उद्घाटन



**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को अलय फातिमा हई कॉलेज ऑफ नर्सिंग के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल परिसर, नेहरु पथ स्थित अलय फातिमा हई कॉलेज ऑफ नर्सिंग के उद्घाटन कार्यक्रम में हई फाउंडेशन के संस्थापक डॉ० अहमद अब्दुल हई ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। पटना मुस्लिम हाई स्कूल के एनसीसी बोर्ड ऑफ पटना द्वारा मुख्यमंत्री को सलामी दी गयी। अलय फातिमा हई कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रथम बैच की छात्राओं ने मुख्यमंत्री के आगमन पर स्वागत गान किया। इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने देशभक्ति गीत सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा का गायन किया। कार्यक्रम के अंत में पटना मुस्लिम हाई स्कूल के एनसीसी बोर्ड के छात्रों द्वारा राष्ट्रगान का गायन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन पर डॉ अहमद अब्दुल हई ने स्वागत भाषण किया।

## बिहार के गवर्नर राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने गया में किया पिंडदान

**पटना।** बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर शनिवार को गया पहुंचे। राज्यपाल के आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तैयारी कर रखी थी। गयाधाम आगमन के बाद राज्यपाल सीधा विष्णुपद मंदिर पहुंचे और विष्णुपद मंदिर में स्थित 16 वेदियों पर अपने पितरों की मुक्ति के लिए पिंडदान व तर्पण किया। वहीं राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सुबह 9 बजे से 9.20 तक शहर के घुघरीटांड़ बाइसपास होते हुए नारायणी पुल, बंगाली आश्रम रोड को उनके वापस लौटने तक पुरी तरह से बंद कर दिया गया। पितृपक्ष मेला में पितरों के निमित्त पिंडदान तर्पण कर्मकांड के लिए विशिष्ट अतिथियों का आगमन जारी है। देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गयाधाम आए और अपने पितरों के निमित्त पिंडदान कर इसी सप्ताह लौट गए। उपराष्ट्रपति के विष्णुपद आगमन और प्रस्थान के दौरान भी उक्त मार्ग को अवरुद्ध किया गया था।

## सीतामढ़ी में सीएसपी संचालक से 2.35 लाख की लूट

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के सीतामढ़ी जिले में सीएसपी संचालक अपराधियों के सॉफ्ट टारगेट पर रहे हैं। हर माह किसी न किसी थाना क्षेत्र से सीएसपी संचालक से लूट की खबरें आती ही है। एक वर्ष में सीतामढ़ी/शिवहर के दर्जन से अधिक सीएसपी संचालकों से लूट की घटनाएं सामने आ चुकी है। इस बीच, शनिवार को दिनदहाड़े फिर एक सीएसपी संचालक लूट का शिकार बना है। हथियार से लैस तीन अपराधियों ने एक संचालक से नगद 2.35 लाख और लैपटॉप लूट ली। हालांकि बाद में लूटी गई लैपटॉप को सड़क किनारे फेंक दिया गया था।



घटना रीगा थाना क्षेत्र के रीगा-मेजरगंज मुख्य पथ में मझौरा मोड़ के समीप की है। बताया गया है कि बाइक सवार तीन अपराधियों ने एक व्यक्ति से पिस्तौल के बल पर 2.35 लाख रुपये लूट लिए। घटना को अंजाम उस वक्त अपराधियों ने दिया, जब बैंक ऑफ बड़ौदा के सीएसपी संचालक छोटन कुमार प्रत्येक दिन की तरह रीगा ब्रांच से कैश लेकर अपने केंद्र यानी दुकान सोनार बाजार जा रहा था।

बताया गया है कि उक्त सीएसपी संचालक राशि के साथ जैसे ही मझौरा मोड़ के समीप पहुंचा, बाइक सवार अपराधियों ने पिस्तौल दिखाकर कैश के अलावे लैपटॉप समेत अन्य कई सामग्री लूटकर भाग निकला। घटना की जानकारी पीड़ित द्वारा रीगा पुलिस को दी गई। सूचना पाते ही रीगा थानाध्यक्ष राम एकबाल प्रसाद ने अपराधियों को पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी।

**अपराधियों ने लूटी गई लैपटॉप फेंका:** अपराधियों के द्वारा थाना क्षेत्र के सोनार गांव विष्णु सिंह टोला के समीप नदी के किनारे लूटी गई लैपटॉप को फेंक दिया गया है, जबकि लूटी गई राशि लेकर अपराधी फरार हो गए। इस संबंध में बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर अमरेंद्र कुमार ने बताया है कि सीएसपी संचालक से लूट की घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। कई जगहों पर लगे सीसीटीवी फुटेज पुलिस के द्वारा खंगाला जा रहा है। सदर एसडीपीओ रामकृष्ण ने बताया कि बाइक सवार 3 अपराधियों ने हथियार के बल पर उक्त लूट की घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

## सीएम नीतीश कुमार के करीबी रहे प्रो. रणबीर नंदन भाजपा में जाएंगे

**पटना।** 27 सितंबर को जनता दल यूनाईटेड की सदस्यता से इस्तीफा देने वाले पूर्व एमएलसी और सीएम नीतीश कुमार के करीबी प्रो. रणबीर नंदन जल्द ही भाजपा के साथ नजर आने वाले हैं। पार्टी से इस्तीफा देने के 15 दिन बाद वह भाजपा ज्वाइन करेंगे। प्रो. रणवीर नंदन शिक्षाविद् हैं। 11 अक्टूबर को भाजपा कार्यालय में मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बिहार भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाएगी। जदयू को पटना विवि में पहली बार छात्र संघ का चुनाव जिताने के लिए रणनीति तैयार करने वालों में प्रो. रणवीर नंदन सबसे आगे रहे। इसके अलावा पटना की राजनीति कायस्थ वोटरों के आसपास घूमती है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए कायस्थों को समेटने में प्रो. नंदन की अहम भूमिका रही।

## जातीय गणना की रिपोर्ट पर जिन्हें आपत्ति है, वो पीएम मोदी से कहकर फिर से करा लें: तेजस्वी

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार में जातीय सर्वे की रिपोर्ट पर विपक्षी दल कई आरोप लगा रहे हैं। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने शनिवार को पटना में पर्यटन विभाग के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान जातीय सर्वे के मुद्दे पर मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि लोग कह रहे हैं कि यादवों की संख्या बढ़ा दी गई है। 1931 में आखिरी जातीय गणना हुई थी उसमें यादवों की 11 प्रतिशत आबादी थी। बिहार, झारखंड और ओडिशा एक राज्य था। सबसे ज्यादा यादवों की संख्या बिहार में ही थी। अगर ऐसा होता तो सीएम नीतीश कुमार अपनी जाति की संख्या नहीं बढ़ा लेते? कुछ बेकार की बातें करते हैं और बकवास करते हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में जातीय सर्वे से विकास के बेहतर रुपरेखा बनेगी इसीलिए पूरे देश में जाति आधारित गणना की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जाति आधारित गणना की मांग हो रही है। केंद्र सरकार देश में जनगणना भी नहीं करा रही है। बिना आबादी का पता लगे योजना कैसे बन सकेगी? इसीलए देश में जातीय गणना कराने की जररूत है इसकी मांग कई राज्यों से उठ रही है।डिप्टी सीएम ने जातीय गणना की रिपोर्ट संबंधित सवाल पर कहा कि जिन्हें आपत्ति है वो पीएम नरेंद्र मोदी से कहकर फिर से करा लें।

वहीं छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने मंच से बिहार में जातीय गणना सर्वे को लेकर स्वागत किया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बनती है तो जातीय आधारित सर्वे कराएंगे।



# पुत्र की दीघार्यु के लिए माताओं ने रखा जिउतिया व्रत, गंगा स्नान को उमड़ी भीड़

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिउतिया पर्व को लेकर शनिवार को नगर के प्रमुख रामरेखा घाट के अलावा विभिन्न घाटों पर व्रती महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। घाट पर स्नान, दान करने के साथ ही बेटे की दीघार्यु के लिए माताओं ने विशेष पूजा अर्चना भी किया। गंगा स्नान के बाद रामरेखा घाट पर जगह-जगह बैठे पंडितों द्वारा माताओं को व्रत की कथा सुनाई गई। महिलाओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा घाट के अलावा विभिन्न चौक-चौराहों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस के जवान तैनात रहे। बावजूद पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। दोपहर 12 बजे के बाद महिला व्रतियों की भीड़ गंगा घाटों पर जुटनी शुरू हो गई थी। विभिन्न साधनों से व्रती महिलाएं गंगा स्नान के लिए पहुंची। जाम को देखते हुए व्रती महिलाओं के वाहनों को किला मैदान में ही खड़ा कर दिया गया। वहां से पैदल ही महिला गंगा घाट तक पहुंची। इसके अलावा बक्सर के नाथ बाबा घाट, बंगला घाट, सती घाट आदि जगहों पर महिलाओं की भीड़ को बांटा गया। हालांकि प्रशासन की ओर से वीर कुंवर सिंह चौक, ज्योति प्रकाश चौक, अम्बेडकर चौक, किला के पास समेत अन्य स्थानों पर पुलिस की तैनाती की गई थी। यह पूजा-अर्चना का क्रम देर शाम तक चलता रहेगा। व्रती महिलाएं रविवार को प्रसाद खाकर व्रत का पारण करेंगी। पंडित लाला बाबा ने बताया कि इस व्रत में महिलाएं निर्जला उपवास रहकर पुत्र की प्राप्ति या उसकी दीघार्यु की कामना करती हैं। जीवित पुत्रिका व्रत बहुत कठिन व्रत माना जाता है। यह व्रत 24 घंटे से भी ज्यादा समय तक रखा जाता है, इस दौरान पानी तक ग्रहण नहीं किया जाता है। मान्यता है कि यह परंपरात महाभारत काल से चली आ रही है।

## माताओं ने सुनी कथा

गंगा तट के अलावे बक्सर व डुमरांव के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न मंदिरों में भी जिउतिया कथा का आयोजन किया गया था। जहां व्रती महिलाओं ने विधि पूर्वक पूजा अर्चना कर कथामृत का श्रवण किया। इस दौरान व्रती महिलाओं द्वारा अपने सामर्थ्य के अनुसार दान पुण्य भी किया गया। बता दें कि इस बार जिले में दो दिन तक जीउतिया का त्योहार मनाया गया। कुछ व्रती शुक्रवार को ही व्रत की थी जबकि अधिकांश ने शनिवार को व्रत रखा हैं। मंदिरों के अलावे व्रती महिलाएं अपने घरों में जीउतियां की कथा सुनते देखी गई। इसके पहले पूर्व संध्या पर घरों में कई तरह के पकवान बनाए गए थे।

## जतकुटवा बस्ती से लंगटू महादेव मंदिर तक कई जगहों पर उभर आए है बड़े गड्ढें

# हाल-बेहाल... डुमरांव की सड़कों में गड्ढे-ही गड्ढे, दुर्घटना की आशंका से लोगों में भय

**केटी न्यूज/डुमरांव**



एनएच में शुमार डुमरांव का स्टेशन रोड गड्ढों में तब्दील हो गया है। बरसात के इस मौसम में सड़क पर उभरे गड्ढों में पानी भर जाने से अक्सर बाइक चालक व तिपहिया वाहनों के चालक धोखा खा जा रहे हैं। जिससे हर दिन इस रोड में छोटी मोटी सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। स्टेशन रोड में जतकुटवा बस्ती से लंगटू महादेव मंदिर तक करीब डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर एक दर्जन ज्यादा ऐसे स्पॉट बन गए हैं जहां पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। हर दिन इस पथ से रात में सैकड़ों की संख्या में ट्रक गुजरते है। जिससे गड्ढों की गहराई व दायरा भी बढ़ते जा रहा है। जिससे छोटे वाहनों की कौन कहें बड़े वाहनों के पलटने का खतरा भी बना हुआ है। जबकि एनएचएआई इस पथ के मरम्मत के प्रति उदासीन बना हुआ है। वह भी तब जब डीएम की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज इस मुद्दें को उठा चुके हैं। सड़क की मरम्मत नहीं होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं सड़क के इस खस्ताहाल से वाहन चालकों, राहगीरों तथा स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

इन जगहों पर बनें है गड्ढें

स्टेशन रोड में जतकुटवा बस्ती के पास पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। वहां से आगे बढ़ते ही लालगंज कड़वी के ठाकुरबाड़ी के सामने आधी सड़क गड्ढें में तब्दील हो गई है। यहां एक गड्ढा इतना बड़ा हो गया है कि बस का आधा चक्का उसमें डूब जा रहा है। जिससे यहां बस व ट्रक के पलटने का सबसे अधिक खतरा बना रहता है। पिछले दिनों यहां दो टेंपो गड्ढें में फंस गई थी। जिस कारण करीब एक घंटा तक जाम लगा रहा। कड़वी के आगे ईदगाह के पास तथा राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल के पास भी सड़क पर बनें गड्ढें लोगों के परेशानी का कारण बना हुआ है। राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल के पास तो सड़के दोनों तरफ करीब 15 मीटर के दायरें में जलजमाव हो गया है। जिससे सड़क का अस्तित्व भी चौपट हो रहा है। वही नया थाना, कलावती लॉज मोड़, व्यापार मंडल तथा लंगटू महादेव मंदिर के पास सड़क पर बड़े बड़े गड्ढें उभर आए है। जिससे इस पथ पर परिचालन खतरनाक हो गया है। यहां बता दें कि यह सड़क एनएच 120 के रूप में जानी जाती है। लेकिन सड़क की हालत ग्रामीण सड़कों से भी खराब हो गई है।

### प्रशासन की उदासीनता पर लोगों ने जताई नाराजगी

स्टेशन रोड में उभरे गड्ढें के संबंध में केशव टाइम्स की टीम ने लोगों से रायशुमारी ली है। लोगों ने कहा कि यह सड़क जानलेवा बन गई है। सड़क मरम्मत के प्रति शासन प्रशासन की उदासीनता पर लोगों ने नाराजगी जाहिर की है।



**पिंटू यादव** – स्टेशन रोड में चलने में हर समय दुर्घटना का भय बना रहता है। कई जगहों पर सड़क पर गड्ढे उभर आए हैं। उन गड्ढों में पानी भर जाने से बाइक के पलटने का खतरा बना रहता है। प्रशासन और जनसेवकों की उदासीनता से सड़कों का ऐसा हाल हुआ है।



**विपुल भारती**– स्टेशन रोड पर उभरे गड्ढे प्रशासनिक नाकामी को दर्शा रही है। पिछले तीन चार महीनों से यह स्थिति बनी हुई है। बावजूद गड्ढों की मरम्मत नहीं करवाई जा रही है। किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।



**मोनू सिंह** – ओवर लोडेड ट्रकों के परिचालन से स्टेशन रोड गड्ढों में तब्दील हो रहा है। स्थानीय प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। सड़क जर्जर होने से व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा है।



**लाल जवाहर** – स्टेशन रोड की सड़क शहर की सूरत पर बट्टा लगा रही है। अविलंब इस पथ की मरम्मत होनी चाहिए। यह सड़क अनुमंडल के परिवहन की धूरी है। शीघ्र मरम्मत नहीं होने पर परिचालन ठप भी हो सकता है।

### एनएचएआई को मरम्मत का दिया गया है निर्देश: एसडीएम

एसडीएम कुमार पंकज ने कहा कि पिछले दिनों डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में मैने इस मुद्दे को उठाया था। एनएचएआई के अधिकारियों को इस पथ के मरम्मत का निर्देश दिया गया है। जल्द काम शुरू होगा।

## खबरें फटाफट

### बिजली चोरी मामले में तीन पर जुर्माना के साथ केस दर्ज

**डुमरांव।** बिजली चोरी के खिलाफ कंपनी के अधिकारियों ने डोर-टू-डोर अभियान चलाया, जिसमें तीन लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा और जुमार्ना लगाते हुए आरोपितों के खिलाफ डुमरांव थाने में मामला दर्ज कराया हैं। इस छापेमार दस्ता का नेतृत्व डुमरांव के कनीय विद्युत अभियंता सह अभिनिर्धारण पदाधिकारी मनीष कुमार ठाकुर ने किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिजली चोरी मामले में डुमरांव के दक्षिण टोला के रहने वाली कलावती देवी पर 35528 रुपये, अखिलेश राय पर 20192 रुपये तथा मनोज कुमार राय पर 5539 रुपये का जुमार्ना लगाते हुए मामला दर्ज कराया गया है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि इन आरोपितों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### जातीय गणना पर बारी संघ ने जताया विरोध

**केसठ।** बिहार में जातीय गणना की घोषणा के बाद लगातार विरोध जारी है। कायस्थ, कोईरी, कुशवाहा के जातीय गणना के विरोध करने के बाद अब बारी संघ ने भी विरोध जताया है। बिहार राज्य बारी संघ के प्रदेश महामंत्री अजय कुमार विक्रांत, उपाध्यक्ष लाल बाबू प्रसाद, अरविंद प्रिंस ने संयुक्त रूप से कहा कि बिहार में जातीय गणना का कार्य सही तरीके से किया गया है। लेकिन बिहार सरकार ने जातीय गणना का रिपोर्ट 2 अक्टूबर को रिपोर्ट आम सार्वजनिक किया है। वह एक राजनीतिक समीकरण मात्र के लिए है। वास्तविकता को छिपाकर कुछ विशेष जाति को अधिकतम दिखाया गया है। उन्होंने बताया कि काका कालेलकर पिछड़ा वर्ग आयोग के रिपोर्ट में बारी संघ की संख्या 1 लाख 64 हजार 510 बताया है। जबकि जातीय गणना में बिहार सरकार ने बारी जाति को गणना में मात्र 61 हजार तीन संख्या बताया है। जो कतई उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत बिहार के राज्यपाल एवं गृह मंत्रालय को भेजा जाएगा। बिहार राज्य बारी संघ के सदस्य राकेश कुमार, आनंद मोहन, राजेंद्र प्रसाद, विजय कुमार ने विरोध जताया है।

### केसठ में जनसंवाद के सफल आयोजन को लेकर बैठक

**केसठ।** स्थानीय प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में शनिवार को बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने प्रखंड के सभी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर 16 अक्तूबर को केसठ में होने वाले जिलाधिकारी के जन संवाद कार्यक्रम के सफल संचालन की रणनीति बनाई। वहीं बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण टास्क दिए गए। जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग की अपील की गई। इस दौरान बीडीओ ने जन संवाद कार्यक्रम के दौरान सभी विभाग का अलग अलग स्टॉल लगाने का निर्देश दिया। बैठक में केवाईपी से पिंकी कुमारी, प्रियंका कुमारी, पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार, अप्पू कुमार, लालबाबू प्रसाद व अन्य मौजूद थे।

## पुलिया की रेलिंग तोड़ चाट में उतरी बस, बाल बाल बचे यात्री

**केटी न्यूज/चौसा**

शनिवार को बक्सर से कोचस जा रही एक यात्री बस चालक की लापरवाही से अनियंत्रित हो पुलिया की रेलिंग तोड़ते हुए पानी से भरे चाट में उतर गई। बस में करीब 30 की संख्या में यात्री सवार थे। हालांकि, बस में सवार यात्री बाल बाल बच गए। सिर्फ दो महिला यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। घटना दोपहर 12.40 की है। स्थानीय लोगों तथा पुलिस के सहारे सभी यात्रियों को बाहर निकाल उन्हें दूसरे वाहन से गंतव्य तक पहुंचाया गया।

वहीं घटना के बाद से ही बस के चालक व खलासी फरार हो गए है। यात्रियों की मानें तो बस चालक असामान्य हरकत कर रहा था तथा बस की स्पीड भी अधिक थी। ऐसे में उसके नशे में होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। उक्त यात्री बस में सर्वाधित संख्या महिलाओं की थी। जो जीउतिया पर गंगा स्नान करने आई थी। चौसा महादेवा घाट से ही एक दर्जन से अधिक महिलाएं सवार हुई थी। जानकारी के अनुसार बस बक्सर से कोचस जा रही थी। इसी बीच बस बक्सर से 11 किलोमीटर दूर चौसा अखौरीपुर गोला से ढाई सौ मीटर आगे बढ़ी कि अचानक अनियंत्रित हो गई। जहां एक छोटी पुलिया की रेलिंग तोड़ते हुए चाट में उतर गई। चाट में पानी व कीचड़ होने से बस ज्यों की त्यों खड़ी हो गई तथा यात्रियों की जान बच गई। हालांकि इसमें दो महिलाओं को हल्की चोटें आई हैं।

## बैंक अधिकारियों के साथ थानेदार ने की बैठक कहा- बैंकों में लगाएं हाई रिजोल्यूशन कैमरा

♦लगातार हो रही लूट की घटनाओं पर सख्त हुई पुलिस, कोरानसराय थाने में हुई बैठक

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बैंकों, सीएसपी संचालकों तथा बैंक से मोटी रकम निकालने वाले उपभोक्ताओं से लगातार हो रही लूट की घटनाओं के बाद अब पुलिस काफी सक्रिय हो गई है। शनिवार को कोरानसराय थाना परिसर में थाना क्षेत्र के बैंक प्रबंधकों तथा सीएसपी संचालकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि बैंक परिसर में सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त करने के साथ ही तकनीकी संसाधनों को भी मजबूत रखना हैं। उन्होंने बैंकों में हाई रिवैल्यूएशन का सीसीटीवी कैमरा लगाने, अलार्म को ठीक रखने का निर्देश दिया और कहा कि बैंक में यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आए तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें।

वहीं उन्होंने सीएसपी संचालकों को मोटी रकम ले जाने से पहले पुलिस को जानकारी देने का निर्देश दिया और बताया कि पुलिस सीएसपी संचालकों को सुरक्षा प्रदान करेगी। वही उन्होंने कहा कि यदि बैंक से कोई ग्राहक मोटी रकम निकालता है तथा वह असहज महसूस करता है तो उसे भी पुलिस सुरक्षा दे घर तक पहुंचाएगी। बता दें कि हाल के दिनों में अनुमंडल क्षेत्र में बैंक में लूट, सीएसपी संचालकों से लूट तथा ग्राहकों से छिनतई की घटनाएं हो चुकी है। जिसके बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस ऐसा कदम उठा रही है। बैठक में थानाध्यक्ष के अलावे चार राष्ट्रीयकृत बैंकों के अधिकारी व विभिन्न सीएसपी के 14 संचालक मौजूद थे।

### रघुनाथपुर में आयोजित हुआ आईपीएस आनंद मिश्र का अभिनंदन समारोह, बोले...

# युवा ठान लें तो उनके लिए कुछ भी हासिल करना असंभव नहीं

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**




रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के पास स्थित दुर्गा मंदिर पर एक नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित कर शाहाबाद के लाल और लखीमपुर के एसपी आनंद मिश्र (आईपीएस) को सम्मानित किया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने उन्हें फूल माला और अंगवस्त्र से सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रीराम ओझा मेमोरियल ट्रस्ट की तरफ से शैलेश कुमार ओझा ने उन्हें संस्था का मोमेंटो, अंगवस्त्र और चांदी की गणेश और लक्ष्मी की मूर्ति भेंट की। वक्ताओं ने कहा कि वे पुलिस सेवा की कठिन परीक्षा को पास कर तथा एसपी बन अपने क्षेत्र का नाम पूरे देश में रौशन किया है। असम के लोग उन्हें सिंघम के रूप में जानते हैं और अपना रियल हीरो मानते हैं। अभिनंदन समारोह के पश्चात आईपीएस आनंद मिश्रा ने रघुनाथपुर स्थित तुलसी चबुतरा पहुंचा रामचरित मानस के रचयिता तुलसीदास की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने छोटे बच्चों के साथ भी समय बिताया और उन्हें चॉकलेट दिया। बच्चे भी उनसे मिलकर काफी खुश हुए।

उन्होंने युवाओं को मोटिवेट करते हुवे कहा कि युवा अगर ठान ले तो कुछ भी असंभव नहीं हैं। उन्हें अच्छा लगता है जब कोई बोलता है कि सबसे ज्यादा आइएएस आईपीएस बिहार से निकलते है। लेकिन तकलीफ तब होती है जब कोई बोलता है इतना आइएएस आईपीएस के बावजूद बिहार की स्थिति क्यों नहीं सुधरी। उन्होंने कहा कि बिहार का युवा ही बदलाव ला सकता है। उन्होंने युवाओं से बिहार को बदलने के लिए संकल्पबद्ध हो काम करने की नसीहत दी और कहा कि युवाओं की बदौलत वे बिहार को बदलते हुए देखना चाहते है। यही कारण है कि जब भी छुट्टी मिलता है तो वे युवाओं के बीच पहुंच उन्हें बेहतर करने तथा अपने राज्य का नाम रौशन करने के लिए प्रेरित करते हैं। आईपीएस मिश्र ने कहा कि रघुनाथपुर के युवाओं और उनकी पर्यावरण संरक्षण के प्रति लगाव उन्हें खुद मोटिवेट कर रही है। तुलसीदास की यह नगरी ऊर्जावान युवाओं से भरी है। मंच संचालन शंभू चंद्रवंशी तथा धन्यवाद ज्ञापन शैलेश कुमार ओझा ने किया। कार्यक्रम में परम फाउंडेशन के रवि मिश्र एवं सहयोगी शंभू चंद्रवंशी, विशाल सिंह, आनंद शर्मा, नित्यानंद ओझा, सोनू दुबे उपस्थित थे।

## एक नजर

### बंदरों के उत्पात से परेशान हैं शहरवासी, नगर परिषद् प्रशासन को इसकी तनिक फिक्र नहीं



**डुमरांव।** डुमरांव में बंदरों के उत्पात से हर क्षेत्र के लोग परेशान हैं। लोगों ने नगर परिषद प्रशासन से शहर में आतंक मचाने वाले बंदरों को पकड़कर दूर-दराज जंगल में छोड़ने का आग्रह किया है। लोगों का कहना है कि नगर परिषद के अधिकारी जनता की इस परेशानी को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। बंदरों का उत्पात शहर के सभी इलाकों में देखने को मिल रहा है। नगर परिषद ने वर्ष 2021 में बंदर पकड़ने के लिए यूपी के कानपुर की संस्था से एक टीम बुलायी थी लेकिन कुछ दिनों के बाद ही उसमें घालमेल होने के बाद उसका टेंडर रद्द कर दिया गया। नप बंदरों की समस्या से लोगों को निजात दिलाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। शहर के पिंटू जायसवाल, अभिषेक कुमार, मनीष कुमार, करीमन साह आदि ने बताया हर वार्ड में बंदरों के बड़े-बड़े झुंड हैं। पैदल चलने वाले कई लोग इनके झुंड को देखकर अपना रास्ता बदल लेते है। स्थानीय लोगों ने कहा कि शहर में बंदरों का आंतक इतना फैल गया है कि दुकानदार भी काफी परेशान हो चुके हैं। बंदरों की वजह से हर रोज दुकानदरों को सैकड़ों रुपयों का नुकसान होता है। कई दुकानदारों ने बंदरों से सामान बचाने के लिए दुकान पर जालियां लगा ली हैं। बंदर इतने चालाक हैं कि घर के दरवाजों की कुंडी खोलकर अंदर रखा सामान ले जाते है। इसके अलावा बंदर सुखाने रखे कपड़े ले जाते हैं और जब तक उन्हें कुछ खाने को न दिया जाए बंदर कपड़े नहीं छोड़ते। लोगों ने यह भी कहा कि कुछ जगह ऐसे हैं जहां से गुजरना हो तो हाथ में डंडा लेना पड़ता है नहीं तो बंदर हमला कर देते है। बंदरों के डर से लोग बच्चों को छतों पर अकेला नहीं भेजते और स्कूल भी खुद छोड़ने जाते है। लोगों का कहना है कि नप प्रशासन को जनता की समस्या पर गंभीरता से विचार कर समाधान करना चाहिए।

### पुराना भोजपुर में आयोजित होगा नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञापुराण कथा



**डुमरांव।** अनुमंडल के पुराना भोजपुर गांव में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञापुराण कथा का आयोजन होगा। इसको लेकर शनिवार को ग्रामीणों की एक बैठक पुराना भोजपुर काली मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक में तय किया गया कि 25 से 27 नवंबर होने वाले इस यज्ञ की रूप-रेखा तैयार की गई। कार्यक्रम का आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुज हरिद्वार के तत्वावधान किया जायेगा। जहां समस्त नौ कुंडीय यज्ञ का आयोजन कर समस्त ग्राम व क्षेत्र के सुख व समृद्धि की कामना की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे गायत्री परिवार बक्सर शक्तिपीठ के रामानंद तिवारी और तेजनारायण ओझा ने बताया कि इस यज्ञ के माध्यम से युग परिवर्तन का शंखनाद होगा। उन्होंने कहा कि महायज्ञ के संकल्प से क्षेत्र के हर घर में समृद्धि व शांति की भावना उत्पन्न होगी। सद्विचार एवं श्रेष्ठ आचरण द्वारा, व्यक्ति, परिवार, समाज, देश और युग निर्माण का सपना ऐसे महायज्ञ का आयोजन कर साकार किया जा सकता है। यज्ञ और हवन से वातावरण के साथ लोगों के अंदर बैठा मैल दूर होता है। जहां एक ओर यज्ञ आयोजन के दौरान शिक्षाविद, ज्ञानी संत-महंत प्रवचनकताओं की मृदुल वाणी से लोगों का तन और मन साफ होता है, वहीं दूसरी ओर यज्ञ में हवन करने से वातावरण की शुद्धि होती है। इस दौरान शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे संत महात्माओं के भक्ति भजन से सुबह और शाम यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी और पूरा इलाका भक्तिमय रहेगा। समारोह में कलश यात्रा के पहले दिन से लेकर तीसरे दिन तक यज्ञ स्थल पर बने 9 कुंडो में 32 श्रद्धालु जोड़े आकर प्रतिदिन भाग लेंगे, वहीं महायज्ञ के दूसरे दिन दीप महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर बैठक में रोहित कुमार सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, सौरव कुमार पाठक, संदीप कुमार पाठक, किस्मत कुमार, अनुराधा भारद्वाज, सुधा भारद्वाज, आशीष श्रीवास्तव, कुंदन कुमार, अनीश पाठक सहित अन्य कई शामिल रहें।

### राज्य सरकार की गलत नीतियों से नाराज विद्यार्थी परिषद ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

**बक्सर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया। पुतला दहन का यह आयोजन बिहार सरकार के गलत नीतियों तथा सिपाही भर्ती परीक्षा के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने के खिलाफ भगत सिंह चौक पर आयोजित किया गया था। परिषद कार्यकताओं ने कहा कि बिहार पुलिस के अभ्यर्थियों के साथ बिहार सरकार क्रूर मजाक कर रही है। जिससे छात्रों के अरमानों की हत्या हो रही है। परिषद कार्यकताओं ने बताया कि बिहार के खुसरूपुर में एक दलित महिला के साथ निर्ममतापूर्ण व्यवहार और बिहार पुलिस परीक्षा के पेपर लीक होने के खिलाफ पुतला दहन किया जा रहा है। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यार्थी परिषद जिला इकाई के नगर मंत्री प्रियांशु शुभम और अध्यक्षता विराज सिंह ने की। पुतला दहन के बाद एक सभा आयोजित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए जिला संयोजक अमित केसरी ने कहा कि बिहार का वर्तमान परिदृश्य अत्यंत भयावह हो गया है। कही महिला और दलित लोगों के साथ अत्याचार हो रहा है और बिहार सरकार जातिगत गणना रिपोर्ट जारी करके अपनी पीठ थपथपाने में व्यस्त है। बिहार में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई हैं। अपराधियों में पुलिस प्रशासन का कोई खौफ नहीं है।

विश्वामित्र हॉस्पीटल
लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।



डा. राजीव कुमार झा
विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर
मोबाईल नम्बर - 9122950441

# अपने ग्राम पंचायत में संचालित योजनाओं का फीडबैक दें ग्रामीण: डीएम

**केटी न्यूज/ जहानाबाद**

जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में आज जहानाबाद प्रखंड अंतर्गत सिकरिया पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिकरिया मुखिया श्रीमती पुनम देवी के द्वारा जल-जीवन-हरियाली कार्यक्रम के प्रतीक स्वरूप जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी एवं निदेशक डीआरडीए को पौधा देकर अभिवादन किया गया।



जिला पदाधिकारी द्वारा सभा को संबोधित करते हुए जन संवाद कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई एवं उपस्थित ग्रामीणों से पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु फीडबैक देने की अपील की गई। आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों के काउंटर बनाए गए थे जिस पर ग्रामीणों को बारी-बारी से जानकारी दी जा रही थी। इस अवसर पर नारायण युवा कला जत्था टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी किया गया। जन संवाद बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाएं यथा मुख्यमंत्री पोशाक योजना, मुख्यमंत्री बालक/बालिका साईकिल योजना, पंचायत स्तर पर उच्च माध्यमिक विद्यालय इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा जन संवाद कार्यक्रम में प्राप्त होने वाले आवेदनों/ सुझाव एवं समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी को दिया गया। जन संवाद कार्यक्रम में श्रम अधीक्षक द्वारा कुशल युवा कार्यक्रम, शताब्दी क्रमकार योजना की जानकारी दी गई। जन संवाद बैठक में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग एवं पंचायत राज विभाग द्वारा संचालित योजनाएं का ग्रामीणों के साथ संवाद कर हर घर नल का जल योजना के संचालन एवं इसके अनुरक्षण पर परिचर्चा किया गया। मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना की समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया तथा समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**❒ सदर प्रखंड अंतर्गत सिकरिया पंचायत में जनसंवाद का आयोजन**

इस दौरान मुख्यमंत्री ग्रामीण स्ट्रीट लाईट योजना, घर तक पक्की गली-नालियॉ आदि की जानकारी दी गई। साथ ही नये पंचायत सरकार भवन निर्माण के बारे में जानकारी भी दी गई। इस क्रम में विद्युत विपत्र विसंगति के ऊपर भी परिचर्चा की गई एवं उसके निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सतत जीविकोपार्जन योजना, ग्रामीण आवास योजना, मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय योजना, स्वच्छ गांव समृद्ध गांव, जल-जीवन-हरियाली अभियान के बारे में विस्तार से बताया गया तथा पंचायत में चल रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

## चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा के समीप पथलवा घाट पर शाम को हुआ हादसा

# जिउतिया व्रत के लिए सोन में नहाने के दौरान किशोरी सहित पांच महिलाएं डूबीं

### सेल्फी लेने के चक्कर में डूब रही महिला को बचाने में बारी-बारी से बह गयीं सभी महिलाएं

**केटी न्यूज/ आरा**

भोजपुर में शनिवार को जिउतिया व्रत के दिन बड़ा हादसा हो गया। सोन नदी में नहाने के दौरान दो किशोरी सहित पांच महिलाएं डूब गयी। हादसा चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा और खनगांव के बीच स्थित पथलवा घाट पर शनिवार शाम हुआ। सेल्फी लेने के चक्कर में डूब रही एक युवती को बचाने के चक्कर में चार अन्य भी बारी-बारी से सोन के तेज धार में बह गयी। डूबने वाली लड़कियों और महिलाओं में चांदी थाना क्षेत्र के कुंजन टोला निवासी ददन राय की 20 वर्षीय शादीशुदा पुत्री अनिता कुमारी, उनकी 16 वर्षीय रिश्तेदार उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मिल्की गांव निवासी निशा कुमारी, चांदी गांव निवासी देवेंद्र वर्मा की 19 वर्षीय पुत्री अंजली कुमारी, चितरंजन वर्मा की 16 वर्षीय पुत्री पूनम कुमारी और 15 वर्षीय सुमन कुमारी है। हादसे की सूचना से सोन घाट पर अफरातफरी मच गयी। लड़कियों के घर में हाहाकार मच गयी। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची लेकिन सोन नदी की बहाव तेज होने के कारण सर्च अभियान चलाने में काफी परेशानी हो रही है। उसे देखते हुए पुलिस की ओर से एसडीआरएफ की टीम बुलायी गयी है। रविवार की सुबह तक एसडीआरएफ की टीम के आने की संभावना है। बताया जा रहा है कि जिउतिया व्रत को लेकर महिलाएं नहाने के लिए पथलवा घाट गयी थी। घर की महिलाओं के साथ पांचों युवती और महिलाएं भी गयी थी। उसी दौरान एक लड़की सेल्फी लेने के चक्कर में सोन में गिर गयी और डूबने लगी। उसे बचाने के चक्कर में चार अन्य लड़कियां भी सोन में डूब गयी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष सौरभ कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और खोजबीन शुरू किया गया। स्थानीय गोताखोर भी बुलाये गये, लेकिन सोन की तेज धार के कारण सर्च अभियान में परेशानी हो रही है। इधर, लोगों का कहना है कि नदी की धार को बांध कर मशीन से बालू निकालने के कारण सोन का तल गहरा हो गया है। उस कारण ही सभी पांचों सोन में डूब गयी।



## मॉर्निंग वॉक करने निकले सेंट्रिंग मिस्त्री की पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत, घर में मचा कोहराम

**आरा।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के भेलाई गांव स्थित बिस्कुट फैक्ट्री के समीप पानी भरे गड्ढे में डूबने से सेंट्रिंग मिस्त्री की मौत हो गयी। मॉर्निंग वॉक करने के दौरान पैर फिसलने से वह पानी भरे गड्ढे में गिर पड़े थे। मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी भेलाई पासवान का 31 वर्षीय पुत्र कृष्णा पासवान उर्फ मुटुर थे। घटना को काफी गांव में देर तक अफरातफरी मची रही। सूचना मिलने पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। सेंट्रिंग मिस्त्री के ममेरे भाई मुन्ना कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह वह रोड की ओर टहलने गये थे। उसी दौरान वह भेलाई गांव स्थित बिस्कुट फैक्ट्री के समीप स्थित पानी भरे गड्ढे के पास चले गये थे। टहलने के दौरान उसका पैर फिसल गये और वह पानी भरे गड्ढे में जा गिरे। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिजन पहुंचे। उसके बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसके शव को पानी से बाहर निकाला गया और पुलिस को सूचना दी गई।

## पानी में डूबने से 12 वर्षीय बालक की मौत

**मखदुमपुर।** थाना क्षेत्र के बिजलीपुर गांव निवासी संतलाल का 12 वर्षीय पुत्र नॉलेश कुमार की पानी में डूबकर मौत हो गई, शनिवार के दिन जैसे ही बालक का शव मिला तो परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार बिजलीपुर गांव निवासी नॉलेस कुमार शुक्रवार के दिन ही घर से बाहर खेलने निकला था, जो देर रात तक घर नही लौटा जिसके कारण परिजन उसकी तलाश में जुटे रहे वही शनिवार के दिन अचानक महेवा और कलानौर के बीच पैन में बालक का शव मिला, पैन में शव होने की सूचना ग्रामीणों ने टेहटा ओपी की पुलिस को दिया, जीसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मामले की जानकारी देते हुए ओपी अध्यक्ष पप्पू कुमार राकेश ने बताया के नॉलेस कुमार शुक्रवार के दिन घर से निकला था और घर वापस नही लौटा था परिजन उसकी तलाश में जुटे थे।

इसी बीच ग्रामीणों ने शानिवार के दिन पैन में बालक का शव तैरते हुए देखा तो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान करवाया तो पता चला के बिजलीपुर गांव निवासी संतलाल के 12 वर्षीय बालक नॉलेस कुमार का शव है।

## एक नजर

### शिक्षकों की समस्या निदान हेतु जिला कार्यक्रम पदाधिकारी से वार्ता संपन्न



**जहानाबाद,** जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) जहानाबाद के द्वारा बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट मूल के संघ प्रतिनिधि को अपने कार्यालय कक्ष में अपराह्न 3:00 बजे से बुलाकर 9 सूत्री मांग पर सहानुभूति पूर्वक वार्ता की नियोजित /नियमित शिक्षकों का वेतन भुगतान हर हाल में पहली तारीख को सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया`साथी ही जिन प्रखंडों से वेतन विपत्र 25 तारीख तक कार्यालय को हस्तगत नहीं करने पर दोषी पदाधिकारी पर कारवाई का भी आश्वासन दिया शिक्षकों के लंबित वेतन बकाया यथा हड़ताल अवधि ,मातृत्व अवकाश, चिकित्सा अवकाश, महंगाई भत्ता सहित सभी प्रकार का एरिया भुगतान जल्द करने का श्वसन दिया । सेवा पूर्व प्रशिक्षित नियोजित शिक्षकों का वेतन विसंगति दूर करने हेतु निदेशालय से प्राप्त मार्गदर्शन के बाद हल कर दिया जाएगा।

### छक्कन विगहा गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट, सास और बहू घायल

**मखदुमपुर।** थाना क्षेत्र के छक्कन बिगहा गांव में आपसी विवाद को लेकर मारपीट की घटना हो गई, जिसमें दो महिलाएं घायल हो गई है। घायल महिला गांव निवासी मलतिया देवी एवं पूजा कुमारी बताई जाती हैं। बताया जाता है कि दोनों महिलाएं रिश्ते में सांस एवं बहू है। जानकारी के अनुसार शनिवार को ग्रामीण मलतिया देवी को पड़ोसी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसमें मारपीट की घटना हो गई ,मारपीट के घटना में दोनो महिलाएं घायल हो गई, घायल दोनों महिलाओं को रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया गया जहाँ चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार किया है।




## बिहार जूनियर सॉफ्ट टेनिस टीम का ट्रायल हुआ संपन्न



**केटी न्यूज/ जहानाबाद**

आगामी 15 से 19 अक्टूबर को आईजीएमसी स्टेडियम विजयवाडा आंध्र प्रदेश में आयोजित होने वाली 18 वी सॉफ्ट टेनिस राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए बिहार की जूनियर टीम का चयन ट्रायल आज संपन्न हुआ। पिछली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आधार पर बिहार के विभिन्न जिलों के 20 बालक व 20 बालिका खिलाड़ियों को ट्रायल के लिए बुलाया गया था। बिहार टीम के गठन हेतु तीन सदस्य चयन समिति का गठन किया गया था।मुख्य चयनकर्ता रमेश कुमार सिंह (रोहतास),सदस्य के रूप में रवि कुमार मेहता ( पटना) के अलावा सूरज कुमार (जहानाबाद) को बनाया गया था। इससे पहले चयन ट्रायल का उद्घाटन सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव धर्मवीर कुमार व विशाल सिह डायरेक्टर मिशन 2 स्टार मैं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर जहानाबाद सॉफ्ट टेनिस संघ के सचिव रोहन कुमार सभी आने वाले खिलाड़ियों के साथ-साथ पदाधिकारियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। टीम की घोषणा 13 अक्टूबर को की जाएगी

## टेहटा बाजार में युवक को चाकू मार कर किया घायल, पीएमसीएच रेफर

**मखदुमपुर।** टेहटा बाजार स्थित राजाइन मोहल्ले में एक युवक को कुछ लोगों ने चाकू मार कर घायल कर दिया, घायल युवक राजाइन मोहल्ला निवासी रोहित कुमार बताया जाता है। जानकारी के अनुसार रोहित शनिवार को अपने दोस्तों के साथ मोहल्ला के ब्रह्मस्थान के समीप बैठा था तभी दोस्तों ने उसके सीने एवं पेट में चाकू मार कर घायल कर दिया, घायल युवक को इलाज के लिए आनन फानन में रेफर अस्पताल मखदुमपुर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया है। बताया जाता है की घटना को अंजाम घायल युवक के दोस्तों ने ही दिया है।

इस बाबत ओपी प्रभारी पप्पू कुमार राकेश ने बताया की घटना की जानकारी मिली है। पुलिस घायल युवक का बयान लेने में जुटी हुई है हालांकि युवक की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे इलाज के लिए मखदुमपुर से रेफर किया गया है।

## किचेन में चाय बना रही गर्भवती महिला की सांप के डंसने से मौत



**केटी न्यूज/ आरा**

भोजपुर के सिन्हा ओपी क्षेत्र के मरहा गांव में शुक्रवार की रात विषैले सांप के डंसने से एक गर्भवती महिला की मौत हो गयी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतका मरहा गांव निवासी बिजेश यादव की 25 वर्षीया पत्नी सुमित्रा देवी थी। पिछले साल जून माह में उसकी शादी हुई थी।

वह सात माह की गर्भवती थी। उसका पति बेंगलुरु में प्राइवेट कंपनी में काम है । उसके भतीजे रंजीत कुमार राय ने बताया कि शुक्रवार को जिउतिया का पर्व था। घर के सभी महिलाओं ने जिउतिया का व्रत किया था। शुक्रवार की रात वह व्रत करने वाली महिलाओं के लिये किचेन में चाय बना रही थी। उसी दौरान उन्हें किसी विषैले सांप ने उन्हें डंस लिया। तब उन्होंने कहा कि पैर में किसी जंतु ने काट लिया है। कुछ देर के बाद ही उनकी तबीयत काफी गंभीर हो गयी। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

**■ जिउतिया व्रत करने वाली घर की महिलाओं के लिए चाय बनाने के दौरान विवाहिता को सांप ने डंसा**

वहां डाक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।




### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत जहानाबाद के युवाओं ने निकाली कलश यात्रा

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सभी का सहयोग जरूरी

**केटी न्यूज/ जहानाबाद**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की इकाई नेहरू युवा केंद्र जहानाबाद के द्वारा जहानाबाद प्रखंड राष्ट्रीय युवा स्वसेवक विक्रम कुमार के नेतृत्व मे युवा क्लब के युवा सदस्यों के द्वारा जहानाबाद नगर मे प्रखंड स्तरीय कलश यात्रा निकाला गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर समाजसेवी मित्युंजय कुमार उर्फ भोला जी उपस्थित हुए । आजादी के अमृत महोत्सव के तहत माटी का वंदन वीरों को नमन एवं अमृत वाटिका के निर्माण करने के लिए मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम अंतर्गत जहानाबाद नगर मे कारगिल चौक से अरवल मोड़ तक कलश यात्रा निकाला गया। जिसमे भारत स्काउट गाइड के छात्र एवं छात्राओं , मानस इंटरनेशनल के विद्यार्थी ने वीरो के सम्मान में, निकल पड़े मैदान में, भारत माता की जय के नारों से उद्घोष करते हुए पूरे नगर मे भर्मण कर लोगो को जागरूक एवं मिट्टी संग्रह करने का कार्य किया गया । स्मौके पर हुलासागंज के राष्ट्रीय युवा स्वयसेवक सलोनी कुमारी ,मखदमपुर के स्वयसेवक पूजा कुमारी ,काको के स्वयसेवक कुमारी शाक्य सुमन, अभिजीत पाठक , अभिषेक कुमार उर्फ हन्नी कुमार, अमन शर्मा , सूरज गुप्ता एवं सैकडो स्कूली बचे ने भाग लिया तथा कई अन्य युवा एवं ग्रामीण ने इस अभियान को सफल बनाने मे सहभागिता की




### शहीद बलिदानियों के सम्मान में कार्यक्रम

समाजसेवी मित्युंजय कुमार ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश के तहत अमर शहीद बलिदानो के सम्मान मे प्रत्येक घर से एक-एक मुट्ठी माटी या चावल संग्रहित कर देश के लोगो मे एक राष्ट्र की भावना जागरित किया जा रहा हैं। भारत स्काउट गाइड के जिला संगठन आयुक्त ने बताया की मिट्टी संग्रह कर के देश के युवाओं को अपने पीढ़िओ के समर्पण और त्याग को समझना हैं और अगर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना हैं तो सभी को सहयोग देना हैं। विक्रम कुमार ने बताया कि विगत कई दिनों से नेहरू युवा केंद्र भारत सरकार खेल मंत्रयाल के द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान से कलश यात्रा के माध्यम से प्रखंड में कलश यात्रा निकाल कर समापन किया गया हैं।



## समाधान दिवस... जनसमस्याओं को गंभीरतापूर्वक लेते हुए करें निस्तारण: डीएम

केटी न्यूज/बलिया



❐ तहसील बेल्थरा रोड में मुख्य संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

जनपद के सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने तहसील बेल्थरा रोड में मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आए लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस मौके पर राजस्व, पुलिस, चिकित्सा, कृषि, खाद एवं रसद, पंचायतीराज, विद्युत, सिंचाई, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभागों के कुल 165 मामले आए। इसमें राजस्व के 55, पुलिस के 45, विकास के 16 और अन्य विभागों के 49 मामले आए,जिसमें से दो को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। शेष मामलों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए जिलाधिकारी ने समय सीमा के अंदर निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद संबंधी मामलों को पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय सत्यापन कर मामले को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य में होगी। अधिकारी जन समस्याओं को गंभीरतापूर्वक लें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता एवं पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस और राजस्व से जुड़ी समस्याओं पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्राथमिक स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करें, ताकि लोगों को यहां-वहां भटकना न पड़े।

### 47 प्रार्थना पत्रों में चार का हुआ निस्तारण

मऊ । मोहम्मदाबाद गोहना तहसील परिसर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपजिला अधिकारी हेमंत कुमार चौधरी द्वारा पीड़ितों की समस्या सुनते हुए पड़े 47 प्रार्थना पत्रों में से चार मामले का निस्तारण मौके पर किया गया। इस मौके पर एसडीएम हेमंत कुमार चौधरी ने संबंधित प्रार्थना पत्रों को विभागों के लोगों देते हुए यह निर्देश दिया कि मामले का निस्तारण गुणवत्ता तथा सत्यता पूर्वक करें एवं जो पुराने लंबित प्रार्थना पत्र हैं उसका निस्तारण दो दिन के अंदर अवश्य कर दें।

## गांव में धान की पराली जलाने पर ग्राम प्रधान और लेखपाल होंगे जिम्मेदार

केटी न्यूज/मऊ

जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्य सचिव उ०प्र० शासन के शासनादेश के परिपालन में प्रत्येक तहसील स्तर पर पराली (धान का पुआल / अन्य कृषि अपशिष्टों) के जलाये जाने के कारण होने वाले प्रदूषण को नियन्त्रित करने हेतु जनपद के प्रत्येक तहसील स्तर पर उड़न दस्ता गठित किए गये है। गठित उड़नदस्ते किसी भी स्थिति में धान की पराली एवं अन्य कृषि अपशिष्ट न जलाये जाय, इस हेतु प्रत्येक तहसील एवं विकास खण्ड के समस्त लेखपाल एवं ग्राम प्रधान उस क्षेत्र में कहीं भी फसल अवशेष जलाये जाने की घटना होती है, तो सम्बन्धित लेखपाल एवं ग्राम प्रधान दूरभाष के माध्यम से सम्बन्धित तहसील स्तर पर गठित उड़नदस्ते को तत्काल इसकी सूचना देगें। पराली / कृषि अपशिष्ट जलाये जाने की घटना पाये जाने पर सम्बन्धित को दण्डित करने के सम्बन्ध में राजस्व के शासनादेश द्वारा क्षतिपूर्ति की वसूली एवं पुनरावृत्ति होने पर सम्बन्धित के विरुद्ध अर्थदण्ड लगाये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## खबरें फटाफट

### चेकिंग के दौरान 16 वाहनों का हुआ चालान

मऊ । मोहम्मदाबाद गोहना पुलिस ने विभिन्न मार्गों पर वाहन चेकिंग चलाकर 16 दो पहिया वाहनों का ई-चालान किया ।कैलेंडर तिराहा, बॉर्डर चुंगी, सिकटिया मोड, खैराबाद एवं वलीदपुर जीयनपुर मार्ग पर पुलिस ने लगभग 70 दो पहिया वालों की चेकिंग किया ।चेकिंग के दौरान 16 दो पहिया वाहन कागजात, हेलमेट, ओवरलोडिंग के मामले में पाए जाने पर इन गाड़ियों का ई-चालान किया गया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक डॉक्टर अजय विक्रम सिंह, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी, आदर्श श्रीवास्तव, राजेश कुमार वर्मा, वीरेंद्र यादव समेत पुलिस एवं महिला कांस्टेबल साथ रही।

### नहर में गिरने से किसान की मौत

रसड़ा। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा मंदा में शुक्रवार की मध्यरात्रि पुलिया से नहर में गिरकर किसान रामायण चौहा 58 वर्ष पुत्र स्व. शिवलोचन चौहान की मौत हो गई। शनिवार की सुबह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार रामायण चौहान धान की सिंचाई कर रह थे। रात्रि में नींद आने की वजह से वह खेत के समीप से जा रही इंदिरा राजवाहा नहर पर बने पुलिया पर लेट कर आराम करने लगे। इस बीच आंख की झपकी आ जाने के कारण वह पुलिया से सीधे नहर में गिर पड़े नहर में पानी होने और सिर में चोट के कारण वह पानी में ही काफी समय तक बेहोश पड़े रहे जिससे दम घुटने से मौत हो गई। परिजनों को जानकारी होने पर उन्हें उसी रात रसड़ा सीएचसी लाए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रामायण चौहान की मौत से स्वजनों से सहित गांव में कोहरा मच गया। मृतक की चार बेटियां व दो पुत्र हैं। तीन बेटियों की शादी हो चुकी है जबकि सबसे छोटी बेटी की शादी आगामी दिसम्बर माह में तय थी, लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था।

### आम नागरिक सेवामित्र पोर्टल से कराएं कार्य

मऊ । जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि उ0प्र0 सरकार के सेवायोजन विभाग द्वारा सेवामित्र पोर्टल मोबाइल एप/काल सेन्टर 155330 विकसित किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से सर्विस प्रोवाइडर (सेवाप्रदाता) एवं सेवामित्रों (कुशल कामगारों) द्वारा डे वर्क के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आम नागरिकों तथा शासकीय कार्यालयों में स्थानीय स्तर पर विभिन्न 27 प्रकार की घरेलू सेवाए जैसे इलेक्ट्रीशियन, कारपेन्टर, ए०सी० सर्विस, टी०वी० मैकैनिक, नर्सिंग सर्विस, कार सर्विस एण्ड रिपेयर, रंगाई-पुताई, आई०टी० एवं हार्डवेयर सर्विस, अपलाइन्स सर्विस, पलम्बर, ड्राईक्लीनिंग, इत्यादि तथा प्रोजेक्ट वर्क के अन्तर्गत टैक्सी सर्विस, हाऊस कन्स्ट्रक्शन, कैटरिंग सर्विस, टेन्टिंग सर्विस इन्टीरियर डिजाइन/आर्किटेक्चर सर्विस, इलेक्ट्रिकल सर्विस, कारपेन्टर सर्विस एवं पेन्टिंग सर्विस, उपलब्ध करायी जा रही है। नागरिकों को सेवाए प्रदान करने हेतु विकसित की गयी व्यवस्था में सेवा का परिचालन कुशल कामगार अर्थात सेवामित्र व उपभोक्ता के मध्य सीधे न होकर पोर्टल पर पंजीकृत सेवाप्रदाताओं के माध्यम से डिजिटल किया जायेगा।

### फर्जी नंबर प्लेट लगाकर बेचते थे बाइक, बक्सर जिला के रहनेवाले हैं चारों

# चार अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरफ्तार, 14 बाइक बरामद

केटी न्यूज/बलिया




कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने चार अन्तर्राज्यीय बाइक चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने बाइक चोरों की निशानदेही पर चोरी की 14 बाइकें बरामद कर अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने गिरफ्तार चोरों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि थाना कोतवाली के उपनिरीक्षक चन्द्र प्रकाश कश्यप चौकी प्रभारी बिचला घाट, उपनिरीक्षक ज्ञान चन्द शुक्ला, उपनिरीक्षक गिरिजेश सिंह मय फोर्स तथा एसओजी प्रभारी अजय यादव की संयुक्त टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि बाइक चोरी का एक बड़ा गिरोह राम जानकी मंदिर मकदुमही के पास खड़ा है। पुलिस और एसओजी की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंच गयी। इसी बीच पुलिस को देखकर पांच अंतरराज्यीय बाइक चोर भागने लगे। पुलिस ने किसी तरह दौड़ाकर चार चोरों को धर दबोचा वहीं एक चोर फरार होने में कामयाब हो गया। पूछताछ में चोरों ने अपना नाम आयुष कुमार पुत्र हरिहर कुमार निवासी बडकी नैनीजोर थाना नैनीजोर बक्सर बिहार, छोटू कुमार पुत्र वीरेन्द्र यादव निवासी बडकी नैनीजोर थाना नैनीजोर बक्सर बिहार, विशाल कुमार पुत्र हरेन्द्र कुमार निवासी राजापुर थाना सिमरी बक्सर बिहार तथा शुभम कुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी बडका ढकईच थाना कृष्णा ब्रह्मपुर बक्सर बिहार बताया। गिरफ्तार चारों अभियुक्तों के पास से चोरी की 4 मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ करने पर अभियुक्तों की निशानदेही पर शिवरामपुर घाट पर बने निमार्णाधीन मंदिर में छिपाकर रखी गई 10 चोरी की बाइक को बरामद कर लिया। चोरों ने बताया कि हम सभी लोग आपस में मिलकर भीड़भाड़ वाले इलाकों में रात्रि में गाड़ियों की चोरी करते है औरा फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर 6000 से 10,000 रुपये तक बेच देते हैं।

### आबकारी विभाग की टीम के निरीक्षण से शराब दुकानदारों में हड़कंप

मऊ । जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश पर लगातार क्षेत्र में आबकारी विभाग की टीम अंग्रेजी देसी बियर की दुकानों जांच पड़ताल में जुटी है । लाइसेंस दारों को सख्त निर्देश दिया गया है कि अगर दुकानों पर किसी प्रकार की शिकायत अथवा अनियमित पाई गई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। आबकारी निरीक्षक बजरंगी चौरसिया ,कांस्टेबल आशीष कुमार यादव समेत आबकारी विभाग की टीम ने मोहम्मदाबाद गोहना के विजय स्तंभ चौक एवं तहसील के निकट तथा मॉडल दुकान पर पहुंच कर निरीक्षण किया। स्टॉक रजिस्टर ,क्यूआर कोड, सीसीटीवी का निरीक्षण करते हुए गंदगी पाए जाने पर चेतावनी दिया कि दुकान को साफ रखें दुकान के बाहर लगे हुए बोर्ड पर सरकारी नंबर भी अंकित करें तथा ओवर रेटिंग नहीं होनी चाहिए। निरीक्षक को लेकर अन्य शराब के दुकानदारों में अफरा तफरी मची रही।

## फंदा लगाने की कर रहा था एक्टिंग, मौत

केटी न्यूज/रसड़ा



◆ संतुलन बिगड़ने से वह फंदे पर झूल गया

कोतवाली क्षेत्र के माधोपुर गांव में शुक्रवार की शाम खेल-खेल में एक भाई पेड़ पर फंदा लगाने की एक्टिंग करने लगा और संतुलन बिगड़ने से वह फंदे पर झूल गया। इससे उसकी मौत हो गई। इस अप्रत्याशित घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

बताया जा रहा है कि छोटेलाल के पुत्र आनंद (13) और डेविड (10) आसपास के बच्चो के साथ अपने दरवाजे पर खेल रहे थे। खेल के दौरान दोनों भाइयों में किसी बात को लेकर मामूली विवाद हुआ। आनंद पेड़ के पास बोरे में रखी गिट्टी पर चढ़ गया। भाई को चिढ़ाने के लिए पेड़ की डाल पर गमछे का फंदा बनाकर अपना सिर डाल दिया, तभी उसका बोरे से पैर फिसला और वह छटपटाने लगा।

डेविड ने सोचा कि आनंद मजाक कर रहा है। पास ही खेल रही एक लड़की ने शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंचे, लेकिन देर हो चुकी थी। बच्चों के पिता मजदूरी करने गए थे, जबकि मां रामावती देवी बकरी चराने गई थी। घर पर दादा थे, जो दूसरी तरफ बैठे थे। आनंद की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। रोते-रोते सभी का बुरा हाल है।






### दीवार के मलबे में दबकर एक मजदूर की मौत, एक घायल

बलिया। वीरपुर तकिया गांव में शनिवार को मकान का काम कर रहे मजदूरों के ऊपर अचानक दीवार का एक हिस्सा गिर पड़ा। जिससे दीवार के मलबे में दबकर एक मजदूर की जहां मौत हो गई, वहीं दूसरे मजदूर की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद तत्काल घायलों को आसपास के लोगों द्वारा कुरेजी अस्पताल ले जाया गया। जिन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने हीरा राजभर नामक मजदूर उम्र 54 वर्ष कुकुरहां निवासी को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रमोद उम्र 42 वर्ष का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों मजदूर गड़वार थाना क्षेत्र के वीरपुर तकिया गांव में बन रहे मकान में मजदूरी कर रहे थे। इसी बीच शनिवार की दोपहर छज्जा की ढलाई करते समय उसके बगल की पुरानी दीवार अचानक गिर गई। जिसमें दोनों मजदूर दब गए।

## कांग्रेस का सिपाही लड़ेगा पत्रकारों के सम्मान की लड़ाई : इंतखाब



केटी न्यूज/मऊ

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष माननीय अजय राय जी के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में देश के स्वतंत्र पत्रकारिता को वर्तमान सरकार के द्वारा उनका चीर हरण करते हुए पत्रकारों को फंसाने और उनके ऊपर गलत तरीके से मुकदमा कर जांच के बहाने पुलिस द्वारा उनके इलेक्ट्रॉनिक सामान को कब्जे में लेते हुए उन्हें फसाने की दिल्ली पुलिस द्वारा को कृत्य किया गया जिसको लेकर महामहिम राष्ट्रपति को जिला अधिकारी मऊ के माध्यम से ज्ञापन सोपा गया। कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय बुनकर कॉलोनी इकट्ठा होकर जुलूस की शक्ल में कलेक्ट पहुंचे और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन सौंपने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंतखाब आलम ने कहा कि भाजपा की जन विरोधी केंद्र की सरकार सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग करते हुए अब पत्रकारों को भी अपने दमन नीति का शिकार बनाना शुरु कर दिया है लेकिन पत्रकारों की लड़ाई कांग्रेस का एक-एक सिपाही मजबूती से लड़ेगा कांग्रेस लोकतंत्र में विश्वास करती है।

### नीलगाय के कारण कार हुई दुर्घटनाग्रस्त महिला की मौत

रसड़ा। बलिया-रसड़ा मार्ग स्थित रेखहां गांव के समीप शुक्रवार की देरशाम तेज रफ्तार कार के सामने अचानक एक नीलगाय के कूद जाने से कार में सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गयी व कार चालक पति घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के अमहर उत्तर पट्टी गांव निवासी सुरेंद्र प्रजापति अपनी पत्नी पद्मावती देवी 55 वर्ष शुक्रवार को सबेरे अमहर पट्टी उत्तर गांव से कुछ महिलाएं इनोवा कार पर सवार होकर बलिया गंगा स्नान करने गई हुई थीं। सायं को लौटते समय रसड़ा बलिया राष्ट्रीय मार्ग रेखहां गांव के समीप अचानक उनकी कार पर एक नीलगाय कूद गई, जिससे कार का शीशा टूट गया और अगली सीट पर बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। रसड़ा अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### लंबित राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न

# राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाएं: डीएम

केटी न्यूज/मऊ



जिलाधिकारी अरुण कुमार के अध्यक्षता में तहसील मधुबन के विभिन्न न्यायालयों में 20 सितंबर तक लंबित राजस्व वादों के निस्तारण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा बैठक कैंप कार्यालय स्थित सभागार में संपन्न हुई। तहसील मधुबन के तहसीलदार कोर्ट में लंबित राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान कुल लंबित 3641 वादों के सापेक्ष 20 सितंबर के बाद अब तक मात्र 223 मामलों के निस्तारण पर तहसीलदार को कड़ी फटकार लगाते हुए जिलाधिकारी ने कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिए अन्यथा की स्थिति में निश्चित रूप से कार्रवाई करने की चेतावनी दी। तहसीलदार न्यायालय न्यायिक में कुल लंबित 185 मामलों के सापेक्ष 20 सितंबर के उपरांत अब तक मात्र 8 मामलों के निस्तारण पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार मधुबन को वादों के निस्तारण में तेजी लाते हुए इसमें सुधार के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी मधुबन को समस्त लंबित फाइलों का स्वयं अध्ययन करते हुए यथा शीघ्र मामलों के निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।उसाथ ही आपत्ति वाले मामलों में तत्काल सुनवाई करते हुए समस्त लंबित मामलों के निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी न्यायिक के 546 लंबित मामलों के सापेक्ष अब तक मात्र 03 वादों के निस्तारण को देखते हुए समस्त फाइलों पर त्वरित कार्रवाई कर समस्याओं को दूर करते हुए तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए।

### अभियान में सहयोग करने का किया आग्रह

मऊ । जनपद की विभिन्न न्यायालयो में विभिन्न धाराओं में लंबित राजस्व वादों के यथाशीघ्र निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी अरुण कुमार ने जिला बार एसोसिएशन सहित जनपद की समस्त तहसीलों के बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महामंत्रियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने समस्त अध्यक्ष एवं महामंत्रियों का स्वागत करते हुए कहा कि विभिन्न धाराओं में लंबित राजस्व वादों के निस्तारण को लेकर प्रदेश सरकार गंभीर है। इस संबंध में कड़े निर्देश भी जारी किए गए हैं। उच्च स्तर से लगातार राजस्व वादों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की जा रही है।




## खबरें फटाफट

### डा पंकज बने विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष



**चंदौली।** डा. पंकज पांडेय को विश्व हिंदू महासंघ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। चंदौली के वार्ड नंबर 11 संजय नगर निवासी डा. पंकज पांडेय आदित्य मैटर्निटी एवं नर्सिंग होम के संचालक भी है। सीएम योगी आदित्यनाथ विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने डा. पंकज पांडेय के मनोनयन की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के निर्देश पर काशी संभाग के प्रभारी रुद्र कुमार पाठक की सहमति के पश्चात यह निर्णय लिया गया है। डा. पंकज पांडेय ने कहा कि संगठन की ओर से बहुत बड़ी जिम्मेदारी मिली है। अपने दायित्वों के निर्वहन का प्रयास करूंगा। पूरा जोर संगठन को मजबूत बनाने पर रहेगा। डा. पंकज पांडेय को जिलाध्यक्ष बनाए जाने से समर्थकों में खासा उत्साह है।

### चंदौली के 27 हेड कांस्टेबल बनेंगे दारोगा

**चंदौली।** यूपी पुलिस के 1306 मुख्य आरक्षी को एसआई के पद पर पदोन्नति दी है।पुलिस महानिदेशालय ने पदोन्नति की सूची जारी कर दी है। सब इंस्पेक्टर के पद पर प्रोन्नति की सूचना बाद हेड कांस्टेबल संवर्ग में खुशी की लहर दौड़ गयी है। प्रोन्नत एसआई एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं। इस प्रमोशन सूची में चंदौली के भी 27 हेड कांस्टेबल शामिल है।जो वर्दी पर सितारा सजने के बाद दारोगा बन जाएंगे। मुख्यालय पुलिस महानिदेशक कार्यालय की ओर से जारी सूची में चंदौली में तैनात सुरेंद्र नाथ पांडेय, अशोक सिंह, रविंद्र प्रताप सिंह, शमीमुद्दीन, सुरेंद्र मिश्रा, रामनक्षत्र, रामनाथ यादव, मोहनराम, गोरखनाथ मिश्रा, जयशंकर सिंह, बृजेश सिंह, श्रवण सिंह, राजकुमार, राकेश कुमार पांडेय, सुरेंद्र राम, लालमोहर राम, रामकुंवर, अशोक सिंह, महेंद्र कुमार, हरिगेन पासी, धर्मराज कुमार, पवन कुमार, जयप्रकाश सिंह, शिनानंद सिंह, संजय राय, बालेंद्र यादव, विरेंद्र राय का शामिल है। सभी को अपने नियुक्ति स्थान पर ही पदोन्नति प्रदान की गई है।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में होनहारों ने किया प्रतिभाग

चंदौली शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार द्वारा इलिया क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में शनिवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें कक्षा 1 से 5 तथा 6 से 8 के कुल 442 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कस्बा के मंगल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, दुर्गावती बालिका इंटर कॉलेज, संत कबीर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुरुकुल चिल्ड्रेन अकादमी, आदर्श शिक्षण संस्थान तथा सरस्वती शिशु मंदिर में दोपहर 12 से 1 बजे तक 1 घंटे का भारतीय संस्कृति ज्ञान की परीक्षा संपन्न कराई गई। जिसमें भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

### पशुपालकों को दस से पंद्रह हजार तक का दिया जाएगा पुरस्कार

**गाजीपुर।** उप दुग्धशाला विकास अधिकारी ने सूचित किया है कि मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के तहत रू0 10000 अथवा रू0 15000 तक का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत गिर, साहीवाल, थारपारकर, हरियाणा एवं गंगातीरी नस्ल की गायों का प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन उच्च स्तर का होने परचयनित गौ- पालकों को 10000 अथवा 15000 की प्रोत्साहन धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। एक गाय के जीवन काल में केवल एक बार प्रोत्साहन का लाभ पशुपालक को मिलेगा।

## एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं से कहा, शिकायत करें, सुरक्षित रहें

केटी न्यूज/अलीनगर




(चंदौली) ।क्षेत्र के बापू बालिका इंटर कॉलेज चंदौली खुर्द में एंटी रोमियो की टीम ने शनिवार को जागरूकता अभियान के तहत छात्राओं को किसी भी मुसीबत में फंसने पर महिला हेल्पलाइन नंबरों पर तत्काल शिकायत करने की अपील की। जिससे अराजक तत्वों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई कर उनके मनोबल को तोड़ने का काम किया जा सके। शासन स्तर पर छात्राओं व महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस के अधिकारियों को विशेष सावधानी व सतर्कता बरतने का निर्देश मिला है। इसके साथ ही एंटी रोमियो को क्षेत्र में भ्रमण कर शोहदों व मनचलों पर नकेल कसने का फरमान जारी किया गया है। इसके तहत क्षेत्र के बापू बालिका इंटर कॉलेज चंदौली खुर्द में एंटी रोमियो की टीम ने पहुंचकर छात्राओं को सुरक्षा संबंधित कानूनी प्रावधान, साइबर क्राइम, संवैधानिक उपबंध आदि के बारे में बताया गया। एंटी रोमियो प्रभारी दीपक कुमार पाल ने फेक आईडी पर बने अकाउंट से होने वाले क्राइम की भी जानकारी दी। रास्ते में परेशानी हो या राह चलने लड़कियों पर फब्तियां कसने या ऑनलाइन अपराध हो तो घटनास्थल के समय ही प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। मौके पर अभिषेक साहनी, अनिल यादव ,नैंसी सोनकर, प्रधानाचार्य शकुंतला सिंह ,राजेश कुमार सिंह ,आकृति केसरी,पूनम तिवारी ,विकास कुमार, रमेश, आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

### कानूनी धाराओं के उपयोग की दी गई जानकारी

छात्राओं व महिलाओं के लिए 112 नंबर पुलिस हेल्पलाइन,181 महिला संबंधी योजना लाभ,1098 बाल श्रम व चाइल्ड पायरेसी, 1930 साइबर संबंधी अपराध व पैसे की धोखाधड़ी ,1090 महिला हेल्पलाइन आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि कुछ संवेदनशील मुद्दों में महिला शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाता है। वहीं पर्सनल डाटा प्रोटक्शन एक्ट आईटी एक्ट 2000 सुरक्षा एवं स्वतंत्रता निजात संबंधी उपबंध व कानूनी धाराओं के उपयोग की जानकारी भी दी गई ।

डीएम ने अधिकारियों की बैठक कर जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण का दिया निर्देश

## विशेष अभियान चलाकर विवादों का निस्तारण किया जाए : डीएम

केटी न्यूज/गाजीपुर



जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने रायफल क्लब के सभागार में जिले के सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की एक बैठक ली। जिसमें डीएम ने राजस्व न्यायालयों में लंबित राजस्व वादों तथा निर्विवाद वरासत, पैमाइश, नामांतरण, आपसी बंटवारा एवं भूमि विवाद से संबंधित आईजीआरएस, सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं अन्य स्तरों से प्राप्त जन शिकायतों के समयबद्ध/ त्वरित गति से निस्तारण का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में राजस्व प्रकरणों के निस्तारण के लिए 60 दिन का विशेष अभियान चलाते हुए सभी प्रकरणों के वादों एवं अन्य भूमि से संबंधित विवादों का निस्तारण किया जाए। निस्तारण के लिए निर्धारित अवधि से अधिक समय किसी भी स्थिति में नहीं लिया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों के कोर्ट में पुराने लंबित वादों की समीक्षा की। इस दौरान जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अपने-अपने तहसीलों में लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा प्रतिदिन की जाए तथा कोर्ट में लंबित वादों के निस्तारण को प्राथमिकता के आधार पर अधिक से अधिक निस्तारित करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में राजस्व वादों के निस्तारण के लिए धारा-24 अंतर्गत वादों को तीन माह, धारा-33 के निर्विवादित वाद 45 दिनों तथा धारा- 34 के विवादित वाद के लिए 90 दिनों एवं धारा-116 के लिए छह माह की समयावधि से पहले निस्तारित होना चाहिए। सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि आप सभी लोग अपने कोर्ट में प्रतिदिन बैठकर अधिक से अधिक वादों की सुनवाई करके नियमानुसार निस्तारण करें। इसमें यदि किसी के स्तर पर लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम व एसपी ने सुनी पीड़ितों की समस्याएं

**गाजीपुर।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील कासिमाबाद में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें 126 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए और मौके पर 11 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सातों तहसीलों की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 381 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 38 शिकायत/प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। तहसील जखनियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 37 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें सात का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील जमानियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 32 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए।

### निशुल्क योग शिविर में योग की सूक्ष्मता को बताया

**पीडीडीयू नगर।** कैलाशपुरी के पोद्दार भवन में युवा भारत के सौजन्य से चल रही तीन दिवसीय निशुल्क योग शिविर का समापन किया गया।शिविर के अंतिम दिन युवा भारत के राज्य प्रभारी बृजमोहन जी ने भी शिविर का हिस्सा बनकर इसका मान बढ़ाया। आए हुए लोगों को योग की सूक्ष्मता एवं उपयोगिता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कुछ ना कुछ योग करता रहता है जिसमें ताली बजाना, जोर-जोर से हंसना, सांस लेना छोड़ना इत्यादि। इसी क्रम में लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य समाजसेवी एवं प्रवक्ता अनिल यादव ने योग के क्षेत्र में किए गए अनुभव को भी साझा किया ।उन्होंने कहा कि इस तीन दिवसीय निशुल्क योग शिवीर से मुझे बहुत ही अच्छा अनुभव प्राप्त हुआ उन्होंने कहा कि योग कोई व्यायाम नहीं है अपितु यह एक चिकित्सा है जो कि शरीर के साथ-साथ नस नाड़ियों और मस्तिष्क को भी स्वस्थ बनाता है। शिविर के योग गुरु मनुश्री ने तीन दिनों तक योग कराया और प्रत्येक आसान के बारे मे होने वाले लाभ के बारे में सबको जागृत किया।

## डीआरएम को ज्ञापन सौंपा, दस अक्टूबर से आमरण अनशन की दी चेतावनी



केटी न्यूज/गाजीपुर

■ एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को ले धरने का 7वां दिन

सेवराई तहसील अंतर्गत गहमर रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल से इस्लामपुर दिल्ली मगध एक्सप्रेस, जयनगर आनंद बिहार गरीबरथ एक्सप्रेस एवं कामाख्या भगत की कोठी एक्सप्रेस के खत्म हुए ठहराव को पुनः शुरू करने के लिए गहमर रेल ठहराव समीति व भूतपूर्व सैनिक संगठन ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जो आज शनिवार को 7वें दिन भी जारी रहा। जिसमें रविवार को होने वाले पिंडदान, मुडंन एवं भोज की रूपरेखा तय की गई। भूतपूर्व सैनिक सेवा समिति के संयोजक चंदन सिंह ने कहा कि रेल प्रशासन द्वारा गहमर में पुनः ठहराव न देना उसकी गलत मानसिकता को दर्शाता है। हम अब बहुत अपमान सह चुके। अब हम रेलवे के खिलाफ 10 को अमरण अनशन पर बैठने जा रहे हैं। उसके लिए हमने रेलवे को ज्ञापन दे दिया है। हम सैनिकों के साथ कुछ भी होता है तो उसकी जिम्मेदारी रेल प्रशासन की होगी। रेल पुनः ठहराव समिति के मनोज सिंह सिकरवार ने कहा कि गहमर रेलवे स्टेशन पर रविवार को रेलमंत्री एवं रेल अधिकारियों का पिंडदान व श्राद्ध का कार्यक्रम होगा।

### जिले में प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना शुरू

**चंदौली।** उप दुग्धशाला विकास अधिकारी चंदौली ने बताया कि नंद बाबा दुग्ध मिशन योजना अंतर्गत दुग्ध विकास अनुभाग द्वारा जनपद जिले में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की गई है । मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत रू10 हजार अथवा 15 हजार रुपए तक का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र पाने का सुनहरा अवसर भी मिलेगा । उन्होंने बताया कि यह योजना प्रदेश के समस्त जनपदों में लागू है।

इस योजना के अन्तर्गत गिर, साहीवाल, थारपारकर, हरियाणा एवं गंगातीरी नस्ल की गायों का प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन उच्च स्तर का होने पर (निर्धारित मानकों के अनुसार) चयनित गौ पालकों को 10 अथवा 15 हजार की प्रोत्साहन धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा। एक गाय के जीवन काल में केवल एक बार प्रोत्साहन का लाभ पशुपालक को मिलेगा। पुरस्कार गायों के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय व्यात के लिए लागू है।

## छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करने पर अभिभावकों ने किया प्रदर्शन



केटी न्यूज/इलिया

(चंदौली)। कंपोजिट विद्यालय उसरी के सहायक अध्यापक द्वारा कक्षा आठ की छात्राओं को कमरे में बंद करके भोजपुरी गाना सुनाने तथा उनके साथ नजायज बातें करने का आरोप छात्राओं तथा उनके अभिभावक ने लगाया है। सूचना पाकर विद्यालय पहुंचे खंड शिक्षाधिकारी ने पूरे प्रकरण की जांच कर शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

अभिभावक यशवंत कुमार, मृत्युंजय पांडे, श्री राम पासवान ,अशोक कुमार गुप्ता, राम प्रकाश ,राजेश कुमार गुप्ता, बाबूलाल ,होरीलाल, दिलीप कुमार, रविकांत आदि का आरोप है कि शुक्रवार को स्कूल के शिक्षक सूर्यकांत द्वारा कक्षा आठ की पांच छात्राओं को एक कमरे में बंद करके अश्लील भोजपुरी गाना सुनाया जा रहा था।

वही छुट्टी होने पर बच्चियों को घर जाते समय रास्ते में शिक्षक द्वारा नजायज बातें की जा रही थी ,इतना नहीं शिक्षक शराब के नशे में विद्यालय आता है और बच्चों से पानी मंगाकर कक्ष में बैठकर शराब भी पीता है। शुक्रवार को घर पहुंचने पर बच्चियों ने अपने अभिभावकों से शिक्षक की पूरी करतूत बतायी तो आक्रोशित अभिभावक तथा ग्रामीण शनिवार को विद्यालय खुलते ही दर्जनों की संख्या में स्कूल में पहुंच गए।

दशहरा त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन ने कसी कमर, समिति के सदस्यों के साथ की बैठक

## पूजा समिति कार्यक्रम के लिए जल्द लें अनुमति

केटी न्यूज/गाजीपुर



भुडकुड़ा कोतवाली में शनिवार की शाम पांच बजे एसडीएम कमलेश सिंह, पुलिस उपाधीक्षक शेखर सेंगर ने पूजा पंडाल के अध्यक्षों के साथ को आवश्यक बैठक में समस्या पर लिए चर्चा। जिसमें एसडीएम कमलेश सिंह ने दशहरा पर होने वाले धार्मिक अनुष्ठान के बारे में जानकारी ली। कहा की सभी लोग वालंटियर बनाकर एक लिस्ट थाने पर उपलब्ध करा दें ताकि सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहे।

उन्होंने कहा की कहीं भी रामलीला और पूजा पंडाल पर आर्केस्ट्रा न हो अगर होगा तो बंद करा दी जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी लोग कार्यक्रम का अनुमति भी जल्द से जल्द ले लें। वही जखनियां पुरानी बाजार में रस्सी के सहारे बिजली पोल अटका हुआ है राम दरबार की झांकी निकलती जो कभी भी दुर्घटना को दावत दे सकती है। एसडीएम ने तत्काल बिजली विभाग से वार्ता कर दुरुस्त करने का निर्देश दिया।साथ ही रेलवे फाटक के पास लाउड स्पीकर न लगाने की चर्चा हुई। वहीं परसपुर गांव में जल कल योजना से पाइप बिछाने में खोदे गए गड्ढे से प्रतिमा भ्रमण में दिक्कत हो सकती है। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक शेखर सेंगर, कोतवाल तारावती, प्रधान प्रतिनिधि अशोक गुप्ता, प्रशांत सिंह, राहुल चौरसिया, टिंकू सिंह, पप्पू यादव, विजय मद्धेशिया, राकेश सिंह, संतोष कुशवाहा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### त्योहारों को लेकर जनपद में धारा 144 लागू

**गाजीपुर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट अरूण कुमार सिंह ने बताया है कि इस वर्ष हिन्दू समुदाय का प्रमुख पर्व महानवमी (दुगार्पूजा) व विजयादशमी 23 व 24 अक्टूबर, दीपावली , गोबर्धन पूजा , भैयादूज , डाला छठ का पर्व तथा कार्तिक पूर्णिमा का पर्व दिनांक 27 नवंबर को पड़ रहा है। विजयादशमी व डाला छठ के दिन जगह-जगह पर मेले का आयोजन भी होता है। जिसमें काफी भीड़-भाड़ होती है। विजयादशमी, दीपावली व डाला छठ हिन्दू समुदाय का महत्वपूर्ण त्योहार हैं। जिसमें काफी भीड़-भाड़ होती है। दीपावली से पूर्व धनतेरस के दिन पुरूष एवं महिलाएं देर रात तक बर्तन एवं आभूषणों की खरीददारी करते हैं।

### सरकारी धन के दुरूपयोग व अनियमितता मामले में बीडीओ निलंबित

**गाजीपुर।** जिला विकास अधिकारी सुबास चन्द्र सरोज ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी बृजेश पाल के विरूद्ध निम्नलिखित आरोपों के संबंध में अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। विकास खण्ड-कासिमाबाद अन्तर्गत ग्राम पंचायत कागजीपुर में 21 अपात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत आवासों का आवंटन कराकर शासकीय धनराशि का दुरूपयोग व अनियमितता किया गया है। उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना किया गया। निलम्बन अवधि में पाल को वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-दो भाग-दो से चार के मूलनियम-53 के प्राविधानों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि अर्द्ध वेतन पर देय राशि के बराबर देय होगी। जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि पर महंगाई भत्ता आदि ऐसे अवकाश वेतन पर देय हैं।

## एक नजर

### सेवा धर्म : जिउतिया पर्व पर वर्ती महिलाओं को पारण कराकर व्रत पूरा कराया



**गाजीपुर।** हर साल की तरह इस साल भी जिउतिया पर्व पर मां गंगा उत्तर वाहिनी पूजा व सेवा समिति के तत्वावधान में दूर दराज से आई वर्ती महिलाओं को शनिवार की सुबह पारण (भोजन) कराकर व्रत पूरा कराया गया। जिसमें भोजन के लिए चावल, उर्दी चने की दाल, सब्जी, जलेबी और अचार को वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा नेता व जमानियां विधायक ओमप्रकाश सिंह के बड़े पुत्र रितेश सिंह ने मां गंगा के चित्र पर माल्यार्पण कर दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।अपने हाथों से वर्ती महिलाओं को भोजन परोसा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष कमलचन्द्र बाबाजी, प्रेम बागी, विनोद यादव, सतीष वर्मा, दीलिप वर्मा, मनीष पटवा,वेंकटेश्वर जायसवाल, बेचन चौधरी, डब्लू गुप्ता, साधु चौधरी, विकास शर्मा, विशाल शर्मा आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### शार्ट सर्किट से इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में लगी भीषण आग, पांच लाख का सामान राख



**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के दुल्लहपुर बाजार स्थित आकाश कम्युनिकेशन इलेक्ट्रॉनिक के दुकान में चार बजे शार्ट- सर्किट से भीषण आग लग जाने से धुआं के लपटें तेजी से ऊपर उठ रही थी। लोगों ने इसकी जानकारी तत्काल दुकानदार अजय उर्फ मजनू गुप्ता को फोन से जानकारी दी। उन्होंने शटर जैसे ही खोला आग की चिंगारी बाहर फेंकने लगी। दुकान के अंदर रखा महंगी मोबाइल, सीसी कैमरा, एलईडी, इनवर्टर, बैटरी सहित कई कीमती सामान जलकर राख हो गई। दुकानदार ने बताया कि लगभग पांच लाख का सामान जलकर राख हुई है ।तत्काल लोगों ने विद्युत केंद्र से फोन करके बिजली सप्लाई को बंद कराई उसके बाद पानी फेंक कर आग पर काबू पाया। मौके पर फायर ब्रिगेड के वाहन व पुलिस भी मौके पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई।

### समाधान दिवस पर सदर तहसील में 53 प्रार्थना पत्रों में पांच का ऑन द स्पॉट निस्तारण



**चंदौली।** सदर तहसील परिसर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें कुल 53 प्रार्थना पत्र पड़े है, जिसमें पांच का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्र का निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को कर दिया गया। इस दौरान एडीएम अभय कुमार पांडेय ने कहा कि सरकार के मानसिकता को देखते हुए हम सभी अधिकारियों को जनता की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करने की जरूरत है। कोई भी फरियादी आए उसकी फरियाद सुनी और उसके तुरंत निस्तारण करें। सदर एसडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रार्थना पत्र को निस्तारण में संबंधित अधिकारी निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्य करें, ताकि अधिक से अधिक समस्याओं का निस्तारण समय किया जा सके।

### कैली गांव की रीता बनीं समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी की जिलाध्यक्ष



**अलीनगर (चंदौली)।** क्षेत्र के कैली गांव निवासिनी रीता उर्फ चिरई को समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने पार्टी का प्रतीक चिन्ह ,अंग वस्त्र व पुष्प भेंट कर सम्मानित किया। कहा कि समाजवादी पार्टी संगठन को मजबूत करने का काम युद्ध स्तर पर कर रही है। इसके तहत इन दिनों संगठन में पदाधिकारियों का चयन कर जिम्मेदारी सौंपने का काम किया जा रहा है। इसके तहत क्षेत्र के कैली गांव निवासिनी रीता देवी उर्फ चिरई को पार्टी में बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने पार्टी का प्रतीक चिन्ह अंग वस्त्र व फूल देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बिना भेदभाव के सभी को सम्मान देने का काम पार्टी में कर रहे हैं। इनको जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर महिलाओं में पार्टी के प्रति जिज्ञासा और रुझान बढ़ेगा। इसके साथ पार्टी में इनके माध्यम से अधिक से अधिक महिलाएं जुड़ेंगी।

### सपा के पूर्व विधायक ने सड़क चौड़ीकरण में जा रही जमीनों का मांगा मुआवजा



**चंदौली।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने शनिवार को कटेसर गांव में पहुँच कर रामनगर से पड़ाव सड़क चौड़ी करण में बेघर हो रहे ग्राम वासियों के बीच उनकी समस्या को सुनी। इस दौरान उन्होंने सड़क चौड़ी करण में जा रहे घर व जमीन का मुआवजा न मिलने से पीड़ितों के दर्द को जाना और उनके आंसू पोंछे। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण में गांव वालों को मुआवजा के संबंध में उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी और संबंधित विभाग के वाराणसी एक्सईएन से वार्ता किया तो वही संबंधित विभाग ने पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू से कहा कि जल्द ही विभाग द्वारा कटेसर गांव में कैम्प लगा कर मुआवजा दिलाने का कार्य किया जायेगा। इस दौरान पूर्व विधायक ने कहा कि आज हालात यह है कि भाजपा सरकार में डबल इंजन आपस में टकरा रहे हैं, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। सरकार सुविधाओं के मामले में मुगलसराय विधानसभा में पड़ने वाला कटेसर गाँव के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है, और वर्तमान सरकार ग्राम वासियों के बारे में तनिक भी चिंता नहीं है।